CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 20°C
तापमान

सेंसेक्स 81,148.22
निफ्टी 24,578.35

सोना 97,140
चांदी 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 14 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## गाजा में नाकाबंदी: 57 बच्चों की भूख से मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## CBSE 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो



### 10वीं में 93.60%
### 12वीं में 88.39%
### परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण

■ 10वीं में परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत रहा अधिक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। 12वीं में छात्राओं की सफलता दर 91.64 प्रतिशत रही, जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने 10वीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे 52वें सीजेआई की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले होंगे दूसरे व्यक्ति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवार (आज) को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि अभियान के दौरान, आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया।

## विधायक रमाकांत यादव समेत 4 को तीन माह की सजा

**आजमगढ़।** उप्र में आजमगढ़ जिले की दीवानी न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वर्तमान बाहुबली विधायक व पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार अभियुक्तों को एक मामले में धारा 1423 आईपीसी के तहत तीन माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसी मामले में धारा 341 आईपीसी के तहत एक माह के कारावास एवं 300 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है । सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपी एमएलए कोर्ट अनुपम त्रिपाठी ने मंगलवार को यह सजा सुनाई।

## एयर इंडिया व इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवरा को उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को मंगलवार के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## अमेरिका खामखा चौधरी न बने

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत की दो टूक, हम पाक के साथ आपस में मिल बैठकर निपटालेंगे मामला
■ पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा, विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दो दावे नकारे

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे।

दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। जायसवाल ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। ट्रम्प ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं, तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं, तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।

# दुनिया में हुई ऑपरेशन सिंदूर की गूंज, अबकी बार मिट्टी में मिला देंगे: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### 70 देशों को बताया ऑपरेशन का सूरतेहाल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है, तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायुसेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयोद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और ऑपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नॉर्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक -शेष पृष्ठ दो पर

# सम्भल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

■ इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सम्भल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सम्भल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि सम्भल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने सम्भल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया।




# खुलासा: पहलगाम हमले से पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

नई दिल्ली, वार्ता



■ पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने पार्टनरशिप खत्म की

**22 अप्रैल** को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं।

अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने बीएसआई से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर बीएसआई ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपये से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### पट्टे की जमीन पर बनी मस्जिद को मालिकों ने खुद तोड़ा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध धार्मिक स्थलों के विरुद्ध अभियान के तहत पीलीभीत के भरतपुर गांव में स्थित एक मस्जिद को अवैध चिह्नित किया गया। पूरनपुर तहसीलदार ने मस्जिद के मालिक दो भाइयों जुम्मन और हैदर को नोटिस जारी कर उन्हें 16 मई तक पट्टा कैंसिल कराने या अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। नोटिस मिलने के बाद दोनों भाइयों ने मस्जिद में अजान और नमाज बंद कर दी। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए वे खुद ही मस्जिद को तोड़ रहे हैं।

### महिलाओं के आगे आने से विकास संभव: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने आज यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है, बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है, जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

### पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. विक्रम राव

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव का मंगलवार को यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया। उनके निधन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, नितिन अग्रवाल आदि ने शोक जताया है।

### हरदोई में नाव पलटने से तीन की मौत

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में रामगंगा नदी में नाव पलटने से सात लोग डूब गए। इनमें से चार लोगों को तो बचा लिया गया, लेकिन तीन लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नाव में सवार लोग तरबूज की खेती करके वापस लौट रहे थे। हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खैरूद्दीन पुर के चैन सिंह गांव के पास रामगंगा नदी में नाव पलटने से जिन तीन लोगों की मौत हुई, वह सभी एक ही परिवार के थे। उनके खेत में तरबूज की तुड़ाई चल रही है।

# उमर ने एलओसी के पास बंकरों के निर्माण का किया वादा

**श्रीनगर, वार्ता**

■ **गोलाबारी से प्रभावित गांवों को दी जाएगी मदद**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकारी मदद और अतिरिक्त बंकरों के निर्माण का आश्वासन दिया। अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार के गोलाबारी प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान यह आश्वासन दिया। वहां उन्होंने ऐसे परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने संकट के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका धैर्य प्रेरणादायक है। सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, उनके दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा और उन्हें सम्मान तथा नई उम्मीद के साथ जीवन फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वह गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए हैं और उन्होंने दोहराया कि राहत और पुनर्वास उपायों के तहत पीड़ितों को पर्याप्त मदद प्रदान की जाएगी। तंगधार में सामुदायिक बंकरों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने संकट के समय उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तनाव बढ़ने के समय ये संरचनाएं जीवन रेखा होती हैं। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

# अचानक सैन्य कार्रवाई रुकने से हम मौका चूके: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी: अशोक गहलोत**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ, जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी, लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रम्प ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया। अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब सेना कार्रवाई को अंजाम दे रही थी, तो अचानक ट्रम्प बीच में आ गए और उन्होंने भारत तथा पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने संबंधी पोस्ट कर दिया, जिसने सबको चौंका दिया। अमेरिका ने पहले भी हिंदुस्तान पर दबाव बनाया था, लेकिन हम कभी झुके नहीं और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। शिमला समझौते के वक्त भी हमने किसी दूसरे देश को बीच में आने नहीं दिया। लेकिन अब जिस तरह से ट्रंप बीच में आ रहे हैं, उस पर मोदी और उनकी सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कौन सी ठेकेदारी ले रखी है। ट्रंप या तो खुद ठेकेदार बन गए या हमारी चुप्पी ने उनके हौसले को बढ़ा दिया है, जिस कारण वो सीजफायर की घोषणा कर रहे हैं। अब ट्रंप कह रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे को भी वे सुलझाएंगे, जबकि इससे पहले तक भारत की नीति सिर्फ द्विपक्षीय ही रही है।

### पाकिस्तान संघर्ष पर सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेई सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए।

### अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में बोले सीएम योगी

# बर्ड फ्लू से सुरक्षा को उच्च सतर्कता बरती जाए

**लखनऊ, वार्ता**



■ **सभी प्राणी उद्यानों पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो आसरे स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए**

उत्तर प्रदेश में एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिएहैं।

योगी ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए और आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए और उनके आहार की गहन जांच के उपरांत ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ५5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए, ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।

### फलों-सब्जियों के निर्यात को लक्ष्य तय

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने निर्यात को बढ़ावा देने और खाद्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए बहुआयामी रणनीति शुरू की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बागवानी के विस्तार, स्थानीय प्रसंस्करण को समर्थन तथा वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश की श्रम शक्ति का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में समायोजित है, फिर भी प्रच्छन्न बेरोजगारी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। किसान परंपरागत खेती की जगह स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, यही इस समस्या का प्रभावी हल है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को भाजपा सरकार ने किया बर्बाद: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूपी में अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। गरीबों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में जिलास्तर का कोई अस्पताल नहीं बनाया। वह समाजवादी सरकार में बने अस्पतालों में सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश में स्थित पीएचसी और सीएचसी में हालत बेहद खराब है। इनमें इलाज कराने से मरीज डरते है। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर अधूरे भवन खड़े है। वहां पर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और स्ट्रेचर तक की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में अग्निकांड लापरवाही की वजह से हो रहे है। मरीजों की जान जोखिम में है। सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गंभीर रोगों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर के इलाज की विशेष व्यवस्था की थी। भाजपा ने कैंसर अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्था में बदल दी। सरकार मेडिकल कॉलेजों को आवश्यकतानुसार बजट नहीं दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी है। कई अच्छे डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए है।

# अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 श्रमिकों की मौत

**अमृतसर, वार्ता**



■ **मृतकों में तीन गांवों के लोग शामिल, छह की हालत बनी है गंभीर**


पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्टा पर काम करने वाले 14 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अमृतसर की जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली, थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। मजीठा थाना के प्रभारी (एसएचओ) आबताब सिंह ने बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभजीत नकली शराब की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू, जो मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई है। साहिब सिंह उर्फ सराय निवासी गांव मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता निवासी गांव थीरेवाल को भी पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रविवार (11 मई) की शाम को एक ही जगह से यह शराब खरीदी गई थी, इनमें से कुछ लोगों की सोमवार की सुबह ही मौत हो गई थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं मिली। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि लोगों ने अवैध कच्ची शराब का सेवन किया था।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा मुनाफावसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



**विश्व** बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई, वहीं 74 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ, लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट, कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं, तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है। दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है। वहीं फार्मा क्षेत्र के लिए स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ट्रंप द्वारा दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिए गए कार्यकारी आदेश से भारतीय फार्मा निर्यातकों को प्राइस प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है, इन कंपनियों के स्टॉक्स पर नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीबीएसई...** (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने मंगलवार को ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। 12वीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछड़ते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि 12वीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

**दुनिया में...** के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है, जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं, तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वे भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु योद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी, तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और ऋणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होगी, तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढ़ता का उल्लेख किया और कहा कि आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढ़ाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती रखी और वायुसेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की, तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने भारत-पाक संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन किया गया। ले. जनरल राणा ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए थल सेना और वायुसेना के सटीक ऑपरेशन तथा जोरदार जवाब के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की युद्ध प्रभावशीलता के साथ संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से हासिल समन्वित बल प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने पाक के द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का की भी जानकारी दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फर्जी खाते खोल की ठगी, चार धरे, आरोपियों में आईडीएफसी बैंक के दो कर्मचारी भी शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की साइबर थाना पुलिस ने फर्जी कंपनियों के नाम पर करंट अकाउंट खोलकर ठगी करने वाले गिरोह के चार लोगों को दबोचा है। इनमें आईडीएफसी बैंक के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। बैंक कर्मियों की मिलीभगत से खाते खुलवाकर आरोपी साइबर ठगों को बेच देते थे। इन खातों को ठगी की रकम लेने के लिए इस्तेमाल किया जाता था।

साइबर ठग फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिये पीड़ितों को निवेश करने पर अच्छा मुनाफा देने का झांसा देते थे। ठगी की रकम को पहले इन खातों में डाला जाता था। बाद में पुलिस से बचने के लिए रकम को कई खातों में घुमाने के बाद विदेश भेज दिया जाता था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान हापुड़ की गढ़ रोड के पक्का बाग निवासी अमन कुमार, हापुड़ के आर्या नगर निवासी राहुल त्यागी और बैंक कर्मचारी गौतमबुद्ध नगर के दुजाना निवासी अंकित कुमार व बरेली के मानपुर के टांडा मीरनगर निवासी अभिषेक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ११ चेकबुक, तीन पैन कार्ड, चार मोबाइल फोन व भारी मात्रा में अन्य सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है। अमन व राहुल ने साइबर ठगों को खाते बेच दिए थे। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन के अनुसार, पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

विज्ञापन देखकर किया था १६.७० लाख का निवेश : पटेल नगर के रहने वाले एक शख्स ने फेसबुक पर निवेश का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने की बात की गई थी। उस पर क्लिक करते ही आरोपियों ने उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। वहां शुरुआत में १० हजार रुपये निवेश करने पर उसके खाते में अच्छी रकम दिखने लगी। इसके बाद आरोपियों ने उसे और निवेश करने के लिए कहा। पीड़ित ने १६.७० लाख निवेश कर दिए। इसके बाद उसको दोगुना मुनाफा दिखने लगा। उसने खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया तो ग्रुप से निकाल दिया गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने मध्य जिला साइबर थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। उन खातों की पड़ताल की गई, जिनमें ठगी की रकम गई थी। उसी कड़ी में पता चला कि एक खाते में पांच लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। खाता नोएडा के आईडीएफसी बैंक में धर्म इंटरप्राइजेज के नाम से खुला था। छानबीन की गई तो पुलिस ने ९ अप्रैल को सबसे पहले अमन को हापुड़ से दबोच लिया। उससे पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी राहुल त्यागी को नोएडा के सेक्टर-७ से १० अप्रैल को गिरफ्तार किया। उसके घर की तलाशी लेने पर ११ चेक बुक, तीन पैन कार्ड व अन्य सामान बरामद हुआ। सभी खाते फर्जी दस्तावेज के आधार पर खुलवाए गए थे। राहुल व अमन खाते खोलकर साइबर ठगों के हवाले कर देते थे। बदले में इनको ठगी की रकम का कमीशन मिलता था। अमन व राहुल फर्जी निजी कंपनियों के नाम से आईडीएफसी बैंक में खाते खुलवा रहे थे। बैंक कर्मचारी अंकित व अभिषेक दोनों खाते खोलने में इनकी मदद करते थे। दोनों फर्जी दस्तावेज और वेरिफिकेशन को नजरअंदाज कर दिया करते थे। ऐसे में दोनों आरोपियों ने कई खाते खुलवाकर साइबर ठगों को सौंप दिए। पुलिस ने राहुल व अमन के खुलासे के बाद अंकित और अभिषेक को भी गिरफ्तार कर लिया।

# सरोजनी नगर थाने के स्टाफ ने एक चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के सरोजनी नगर थाने के स्टाफ ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी और शिकायतकर्ता का एक आधार कार्ड बरामद किया है।आरोपी पहले दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज ०९ आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि २६ अप्रैल को एक शिकायतकर्ता द्वारा ई-एफआईआर के तहत एक मामला सरोजिनी नगर थाने में सरोजिनी नगर, में उसकी कार का पिछला शीशा तोड़कर उसमें से दो लैपटॉप, लैपटॉप एक्सेसरीज, डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, दस्तावेज और मोबाइल फोन चोरी होने के संबंध में दर्ज कराया गया था।मामले को सुलझाने के लिए एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव रणबीर सिंह की देखरेख में एसएचओ सरोजनी नगर अतुल त्यागी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अशोक,पुष्पेंद्र, अमरजीत, प्रवीण, कन्हिया,कांस्टेबल मेनपाल और राम कुमार की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान, टीम ने सरोजिनी नगर में हुई विभिन्न कार के शीशे तोड़ने की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और इस संबंध में स्थानीय खुफिया जानकारी एकत्र की। इस दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर, एक संदिग्ध की पहचान राकेश (२७) के रूप में कर उसकी तस्वीर बीट स्टाफ और मुखबिरों के बीच प्रसारित की गई। इसी बीच टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी एक और चोरी करने के लिए सरोजिनी नगर के इलाके में मौजूद है।

इस सूचना पर , टीम ने सरोजिनी नगर के पास अपना जाल बिछाकर आरोपी राकेश को पकड़ लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर, उसने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कार के शीशे तोड़कर कई चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी और एक चोरी का आधार कार्ड बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज ०९ आपराधिक मामलों में

## एक नजर

### 10वीं में हासिल की बेहतरीन उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** एक बार फिर हैप्पी इंग्लिश स्कूल, शरद विहार के विद्यार्थियों ने कक्षा १०वीं की सी बी एस ई बोर्ड की परीक्षा में अत्यंत शानदार परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे। रेनी अरोड़ा ९८.२ प्रतिशत विज्ञान में १००/१००, आरव जैन ९७ प्रतिशत विज्ञान में १००/१००, भूमि गुप्ता ९६.८ प्रतिशत विज्ञान में १००/१०० एवं आर्यन जैन ९६.८ प्रतिशत विज्ञान में ९९/१०० प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का सिर गर्व से ऊँचा उठा दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी ने सभी बच्चों को उनके अनवरत कठिन परिश्रम पर बहुत-बहुत बधाई दी है।

### 10वीं कक्षा में किए उत्कृष्ट अंक प्राप्त



**नई दिल्ली।** दसवीं कक्षा सीबीएसई परीक्षा में तितिक्षा पब्लिक पब्लिक स्कूल, रोहिणी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके शानदार प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर उच्चतम अंकों के साथ स्कूल के टॉपर्स आदित्य अंबस्ता ने ९८.२ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर हर्षिता ने ९८ प्रतिशत तथा साक्षी सिंह और श्रेया ९७.४ प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

चेयरपर्सनऋतंभरा चौहान, प्रबंधक महोदय डा. अरुण कुमार भाटिया एवं प्राचार्या श्रीमती राधिका पाहवा ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व टॉपर्स जिन्होंने अपने उत्तम प्रदर्शन द्वारा विद्यालय को गौरवान्वित किया, उन्हें बधाई देते हुए उनके व शिवकों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शनकिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से जारी १२वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारत नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। पिछली बार की तरह इस बार भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। समग्र उच्चतम अंकों के साथ अनुष्का पाराशर मनोविज्ञान (१००/१००), सार्थक मलिक रसायन विज्ञान (१००/१००), शिवी गोयल रसायन विज्ञान (१००/१००) प्रतिशत अंक लाकर स्कूल एवं माता-पिता नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य कंवलजीत खुंगर ने सभी छात्र, छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मै सभी छात्रो को आशीर्वाद देता हूँ कि आप सभी हमेशा जीवन में इसी तरह सफलता की सीढ़ियां चढ़ते जाएं। उन्होंने कहा कि ये छात्र ही विद्यालय की मजबूत नीव है और इसी नीव पर मजबूत बिल्डिंग बनती है। यही छात्र आने वाले समाज का आधार हैं।

### सांस्कृतिक विरासत उत्सव के रूप में 'भारत बोध केंद्र' की शुरुआत



**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर ने हैबिटेट पुस्तकालय एवं संसाधन केंद्र में एक नई पहल ख्र भारत बोध केंद्र ख्र का लोकार्पण किया। यह केंद्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत के प्रति जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने हेतु समर्पित है। भारत बोध केंद्र में भारतीय कला, संगीत, आध्यात्म, इतिहास, दर्शन और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी पुस्तकों और संसाधनों का एक सुव्यवस्थित संग्रह उपलब्ध होगा। यह संग्रह इंडिया हैबिटेट सेंटर के सदस्यों के लिए सुलभ रहेगा और इसे भारत की शाश्वत परंपराओं एवं बदलते सांस्कृतिक विमर्श के अध्ययन हेतु एक शांत, एकाग्र स्थान के रूप में विकसित किया गया है।

इस केंद्र का लोकार्पण माननीय मनोहर लाल, विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा आज सायंकाल इंडिया हैबिटेट सेंटर परिसर में किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने इंडिया हैबिटेट सेंटर द्वारा की गई इस पहल की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसी और भी पहलकदमियाँ देखने को मिलेंगी। उन्होंने केंद्र में संचालित गतिविधियों, विशेष रूप से इसकी हरित पहलों (ग्रीन इनिशिएटिव्स) की प्रशंसा की और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने में इसकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, उन्होंने केंद्र को इस दिशा में और प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सुझाव दिया कि वह अन्य संस्थानों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील कार्यप्रणालियाँ अपनाने में मार्गदर्शन प्रदान कर सहयोग करे।

### बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया



**नई दिल्ली।** यमुना विहार स्थित द मेड फाउंडेशन ने टापर्स बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ऐसे कार्यक्रम द मैन फाउंडेशन बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित करता रहता है जिससे सकारात्मक परिणाम मिलते हैं और योग्य बच्चों को लाभ मिलता है उनके परिजनों को अपने होनहार बच्चों पर गर्म होता है ।इस मौके पर बीके त्रिपाठी पूर्व प्रोफेसर आईआईटी दिल्ली ,जाहिद हुसैन इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर, इकरा दिल्ली दूरदर्शन, फरीदा खान द मैड फेडरेशन अध्यक्ष, महबूब रहमान ,अनवर हुसैन, निसार अहमद, डॉक्टर इश्तियाक अहमद आदि ने बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।

सर्टिफिकेट प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को दिए गए। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा के अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा उच्च शिक्षा दिलाएं। शिक्षा से ही खुद की एवं देश की तरक्की है।



बाहरी जिला पुलिस के शिष्टाचार दस्ते महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए।

# शिष्टाचार दस्ते ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के एंटी-ईव-टीजिंग स्क्वॉड, जिसे शिष्टाचार स्क्वॉड के नाम से भी जाना जाता है, ने जीजीएसएस स्कूल, पी-ब्लॉक सुल्तान पुरी में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में जागरूकता किया। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छेड़छाड़ और अन्य प्रकार के उत्पीड़न के गंभीर मुद्दों के बारे में लोगों को शिक्षित करना था।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायक्त सचिन शर्मा ने बताया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के उद्देश्य से, दस्ते ने पर्चे बांटे और यात्रियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए, जिसमें महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया गया। शिष्टाचार दस्ते के सदस्यों ने निवारक उपायों पर चर्चा करने और पीड़ितों को कलंक के डर के बिना ऐसे अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ भी बातचीत की।

महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के प्रयास में, अभियान कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों और उत्पीड़न का सामना करने वालों के लिए उपलब्ध सहायता तंत्र पर जोर देता है। इस पहल को समुदाय से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें कई स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

शिष्टाचार दस्ते के निरंतर प्रयास इस बात की याद दिलाते हैं कि उत्पीड़न से निपटने और यह सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता और सतर्कता महत्वपूर्ण है कि महिलाएं हर सार्वजनिक स्थान पर सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें।

# रॉबरी में शामिल दो आर्म्स रॉबर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के शाहदरा ट्रैफिक सर्कल के स्टाफ ने बहादुरी दिखाकर दिलशाद गार्डन में हुई रॉबरी में शामिल दो आर्म्स रॉबर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्टल , दस जिंदा कारतूस, तीन सोने की चेन और अपराध में इस्तेमाल बाइक बरामद की है।आरोपियों ने गोलियां भी चलाईं, लेकिन उन्हें काबू कर हिरासत में ले लिया है।

दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात, जोन-I,) मोनिका भारद्वाज ने बताया कि दो बाइक सवारों ने एक लोडेड पिस्टल से लैस होकर, चेतक कॉम्प्लेक्स में दिलशाद गार्डन के एक नागरिक से तीन सोने की चेन छीनकर रॉबरी कर नेचिंतामणि रेड लाइट की ओर भागने का प्रयास किया। इस दौरान एक स्थानीय निवासी ने आरो. पियों का पीछा किया और चिंतामणि चौक पर तैनात यातायात स्टाफ को सतर्क किया। सूचना मिलने पर, एसआई संजीव और कांस्टेबल राहुल नैन ने आरो. पियों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे भागने लगे।इसी बीच कांस्टेबल राहुल ने असाधारण बहादुरी दिखाते हुए बाइक पर अपने पैर से प्रहार किया, जिससे दोनों गिर गए। भागने के एप्रयास में, आरोपी इमरान (२६) ने एसआई संजीव पर गोली चला दी लेकिन उसने किसी तरह उसे पकड़ लिया वहीं वारिस कांस्टेबल ने भी ऐसा ही प्रयास किया लेकिन राहुल नैन ने उसे पकड़ लिया।हाथापाई के दौरान एसआई संजीव को मामूली चोटें आईं।पुलिस ने उनके पास से दो पिस्टल और दस जिंदा कारतूस तीन सोने की चेन और अपराध में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी वारिस के पास ३६ पिछली आपराधिक संलिप्तताएं हैं, जबकि इमरान की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है।

### डेरेक ओ ब्रायन समेत 10 को जमानत

**नई दिल्ली।** मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले सहित 10 टीएमसी नेताओं को जमानत दे दी। इन नेताओं पर पिछले साल अप्रैल में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद चुनाव आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने का आरोप है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने टीएमसी नेताओं शांतनु सेन, डोला सेन, नदीमुल हक, विवेक गुप्ता, अर्पिता घोष, अबीर रंजन बिस्वास और सुदीप राहा को भी उनके वकील की अर्जी पर राहत दी। नौ टीएमसी नेता अदालत के समक्ष शारीरिक रूप से उपस्थित थे, जबकि विवेक गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए।

### हवा के साथ हुई बारिश

**नई दिल्ली।** दोपहर को दिल्ली में अचानक मौसम बदला। कड़ी धूप के बाद बादल छाए और तेज हवा के साथ कई जगह बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम दिल्ली समेत कई इलाकों और एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश, गरज और बिजली चमकने के साथ ४०-६० किमी प्रति घंटा की रफ्तार तेज हवा चलेगी। दिल्ली में कल सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से १.२ डिग्री सेल्सियस कम के साथ ३८.३ डिग्री दर्ज किया गया था।

# भारतीय पैकेजिंग संस्थान मनाएगा 59वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय भारतीय पैकेजिंग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस आज 14 मई को मनाया जाएगा। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम है - 'समृद्धि के लिए पैकेजिंग: नवाचार, स्थायित्व और वैश्विक पहुंच'। दिनभर चलने वाला कार्यक्रम विचारो और सफल कार्य प्रणालियों को साझा करने, पैकेजिंग में नए आइडियाज, रचनात्मकता, तकनीकी नवाचार, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य इको फ्रेंडली पैकेजिंग को बढ़ावा देना और विभिन्न उद्योगों में उसके उपयोग को प्रोत्साहित करना रहेगा। संस्थान के निदेशक आर.के. मिश्रा ने कहा, भारतीय पैकेजिंग संस्थान के 59वें स्थापना दिवस पर हम लगभग छह दशकों के नवाचार, उत्कृष्टता और प्रभावशाली नेतृत्व के सफर का जश्न मना रहे हैं। 9 वर्षों की यात्रा में भारतीय पैकेजिंग संस्थान ने नवाचार और उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है।

# व्हाट्सएप स्टेटस पर अवैध हथियार के साथ फोटो लगाने वाला गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के गोक लपुरी थाने की टीम ने व्हाट्सएप स्टेटस पर अवैध हथियार के साथ फोटो लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए है। आरोपी पहले भी एक लूट के मामले में संलिप्त पाया गया है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर .वी .स्वामी ने बताया कि १२.मई को गोकलपुरी थाने में, संजय कॉलोनी के एक निवासी द्वारा अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर अवैध हथियार के साथ फोटो लगाने की सूचना मिली । सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसीपी गो. कुलपुरी की देखरेख में एसएचओ गोकुलपुरी,परवीन कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अनिल, अनुज व कांस्टेबल रोहित, प्रवीन और हितेश की टीम ने अपना जाल बिछाकर गोकुलपुरी के डी-ब्लॉक पार्क से आरोपी विजय (२३)को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जीवित कारतूस बरामद किए है।इस संबंध में गोकुलपुरी थाने में शस्त्र अधिनियम की धारा २५ के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी विजय ने अपना अपराध स्वीकार किया तथा हथियार की प्राप्ति के स्रोत के बारे में जानकारी दी, जिसकी पुष्टि की जा रही है। विस्तृत पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी पूर्व में एक लूट के मामले में शामिल रह चुका है।

### माता-पिता का नाम रोशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** बारहवीं कक्षा के लिए सी.बी.एस.ई. बोर्ड परिणाम २०२४-२५ की घोषणा के साथ, तितिक्षा पब्लिक पब्लिक स्कूल, रोहिणी के विद्यार्थियों ने २०२४-२५ के सी.बी.एस.ई. परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। १२वीं कक्षा की वंशिका शर्मा ने ९७.२ प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर अपनी दावेदारी सिद्ध करते हुए सिर्फ तितिक्षा पब्लिक स्कूल का ही नहीं बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। गर्विका और मिशका ने ९६.४ प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान व हिमांशु सिंगला और वेदिका ने ९५.४% अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरपर्सन ऋतंभरा चौहान, प्रबंधक महोदय डा. अरुण कुमार भाटिया एवं प्राचार्या श्रीमती राधिका पाहवा ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व टॉपर्स जिन्होंने अपने उत्तम प्रदर्शन द्वारा विद्यालय को गौरवान्वित किया, उन्हें बधाई देते हुए उनके व शिवकों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।

### मेयर राजा इकबाल सिंह को 'एक है ईश्वर' पुस्तक भेंट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर में जाकर मेयर राजा इकबाल सिंह से मुलाकात की तथा उन्हें सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक रचनाकार पण्डित मुस्तफा आरिफ के द्वारा लिखित पुस्तक श्एक है ईश्वरश भेंट की। पण्डित मुस्तफा आरिफ जम जम फाउन्डेशन में मार्गदर्शक सलाहकार बोर्ड के सदस्य भी है। शमीम अहमद खान ने मेयर श्री राजा इकबाल सिंह को बताया कि पण्डित मुस्तफा आरिफ आजकल भागवत गीता पर आधारित ७८६ पद की हिन्दी पदावली में श्गीता भारतीश शीर्षक की रचना में व्यस्त है।

राजा इकबाल सिंह ने पण्डित मुस्तफा आरिफ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि एक है ईश्वर पुस्तक से लोगों को पवित्र कुरान के सन्देश को समझने में मदद मिलेगी। मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई कि पण्डित मुस्तफा आरिफ अब भागवत गीता पर आधारित ७८६ पद की हिन्दी पदावली में श्गीता भारतीश शीर्षक की रचना में व्यस्त है। मैं उन्हें अपनी ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर एडवोकेट अमित आनन्द व जसप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।

# नासिक से दिल्ली तक 20 राज्य से होकर गुजरेगी सावरकर सम्मान यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने 13 मई 2025 को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली के प्रांगण में युग पुरुष वीर विनायक दामोदर सावरकर के 132वीं जन्म तिथि 28 मई को भगूर (नासिक) से दिल्ली तक 30 दिवसीय "सावरकर सम्मान यात्रा" की जानकारी दी। ये यात्रा देश के 100 जिले 20 राज्य से हो कर गुजरेगी। 22 अप्रैल 2025 पहलगाम (कश्मीर) में निर्दोष सैलानियों पुरुषों को धर्म पूछकर हिन्दू होने के वजह से चुन चुन कर उनके पत्नियों एवं बच्चो के समक्ष मारा गया. निर्दोष हिन्दुओ के निर्मम नरसंहार पर "वीर सावरकर की स्मृति पुनर्जागृत होती है कि भारत को "हिन्दू राष्ट्र" बनना ही चाहिए। एक सशक्त, समर्थ हिन्दू राष्ट्र ही देश की प्रगति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, मौजूदा सरकार ने जो भी जवाबी करवाई की है हम उसका समर्थन करते हैं, सशस्त्र सेना ने दुश्मन देश पर जो भी प्रहार किया है हम उसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते है।

अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिस्थिति में हिन्दुओ के प्रेरणा स्रोत वीर सावरकर जी को भारत रत्न मिलना चाहिए इस संकल्प के साथ सावरकर सम्मान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। हमारी भारत सरकार से मांग है कि वीर सावरकर जी को भारत रत्न मिलना चाहिए।

### देश के 10 अधिक प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर दिल्ली

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि देश के २७३ शहरों में से २४८ यानी ९० प्रतिशत में अब भी प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मानकों से काफी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार २४८ शहरों में से २२७ में पीएम २.५ का स्तर राष्ट्रीय मानकों पर खरा रहा। वहीं, अप्रैल में दिल्ली का औसत पीएम २.५ स्तर ११९ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। पीएम २.५ का ये स्तर न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। लंबे समय तक प्रदूषण के ऐसे स्तर पर रहने से सांस संबंधी बीमारियों, हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। देश के दस सबसे प्रदूषित शहरों में सिवान, राजगीर, गाजियाबाद, गुरुग्राम, हाजीपुर, बागपत, औरंगाबाद और सासाराम शामिल हैं। इसमें बिहार के पांच, उत्तर प्रदेश के दो और असम, हरियाणा और दिल्ली के एक-एक शहर शामिल हैं।

### एयर इंडिया ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट से कई फ्लाइट्स के रद्द होने के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामले में इंडिगो एयरलाइन के बाद एयर इंडिया ने भी आज यानी १३ मई को कई शहरों के लिए उड़ानें रद कर दी हैं। इंडिगो और एयर इंडिया एयरलाइंस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए १३ मई के लिए जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर, समेत अन्य शहरों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद कर दी हैं। साथ ही डायल की ओर से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एयर इंडिया ने बताया कि जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए दो-तरफा फ्लाइट्स का संचालन रद्द कर दिया है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टिकट में दाम कटौती के बाद, नौकरीपेशा और उद्यमियों के लिए नया तौहफा

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीवन को और सहज बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर एक अत्याधुनिक को-वर्किंग स्पेस की शुरुआत की है, जो पेशेवरों और उद्यमियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल पर स्थित यह स्मार्ट को-वर्कस्पेस आरामदायक और भविष्य-उन्मुख कार्य वातावरण की सुविधा देता है। यहां 42 ओपन वर्कस्टेशंस, 11 प्राइवेट केबिन और 2 पूर्ण रूप से सुसज्जित मीटिंग रूम उपलब्ध हैं, जो एकल कार्य, टीम सहयोग या क्लाइंट मीटिंग जैसी विभिन्न कार्यशैलियों की जरूरतें पूरी करते हैं। गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन, मेरठ तिराहा मोड़ पर स्थित है, जहां से नया बस अड्डा शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन भी कुछ दूरी पर है। इसी वजह से यहां रोजाना भारी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। स्टेशन परिसर में ऐसा वर्कस्पेस उपलब्ध होना खासकर उन पेशेवरों के लिए उपयोगी होगा जो रिमोट सिस्टम के तहत काम करते हैं या जिनका कोई निश्चित ऑफिस नहीं है। यह को-वर्किंग स्पेस पारंपरिक दफ्तरों की तुलना में किफायती और स्मार्ट विकल्प प्रदान करता है। हाई-स्पीड इंटरनेट, प्लग-एंड-प्ले डेस्क, और 24ग्7 एक्सेस इसे आज के मोबाइल वर्कफोर्स के लिए आदर्श बनाते हैं। स्टार्टअप्स, फ्रीलांसरों और दूरस्थ पेशेवरों के लिए वर्ल्ड-क्लास और आरामदायक समाधान है।

स्मार्ट तकनीकों से सुसज्जित इस को-वर्किंग स्पेस में बायोमेट्रिक और की-कार्ड एक्सेस, IoT आधारित लाइटिंग और क्लाइमेट कंट्रोल, तथा ऑटोमेटेड मीटिंग रूम बुकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल्स, वायरलेस स्क्रीन शेयरिंग और डिजिटल ब्रेनस्टॉर्मिंग जोन जैसी तकनीकें कार्य क्षमता और कार्य गुणवत्ता बढ़ाती हैं। इसके साथ ही यहां क्यूआर आधारित कैशलेस सेवाएं जैसे हॉट डेस्क बुकिंग व वेंडिंग मशीन उपयोग की सेवाएँ भी मिलेंगी। एनसीआरटीसी द्वारा स्टेशन को केवल ट्रांजिट प्वाइंट ही नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल और कम्युनिटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और पहल करते हुए गाजियाबाद स्टेशन के प्रीमियम लाउंज में कोका-कोला रिफ्रेशमेंट जोन शुरू किया गया है। इस लाउंज में यात्रियों के लिए आरामदायक कुशन वाली सीटों के साथ ही तरोता. जा होने के लिए विभिन्न प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स उपलब्ध होंगी। यहां लगी वेंडिंग मशीन से यात्री आसानी से पीने का पानी और अन्य पेय पदार्थ खरीद सकते हैं।

यह साझेदारी एनसीआरटीसी की उस व्यापक दृष्टि को साकार करती है, जिसमें नमो भारत स्टेशनों को सामा. जिक और जीवंत सार्वजनिक स्थलों में बदलने का उद्देश्य है। साथ ही यह संगठन के गैर-किराया राजस्व बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की रणनीति का हिस्सा भी है। इतना ही नहीं अब यात्री केवल स्टैंडर्ड किराए का 20% अतिरिक्त भुगतान करके प्रीमियम क्लास कोच में यात्रा कर सकते हैं और प्रीमियम लाउंज की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रीमियम क्लास का किराया अब केवल स्टैंडर्ड टिकट का 1.2 गुना है, जो इसे एक किफायती विकल्प बनाता है। किराए में यह मामूली अन्तर यात्रियों के लिए बेहतर आराम, सुनिश्चित सीटिंग, विशेष सुविधाएं और शांतिपूर्ण यात्रा अनुभव सुनिश्चित करेगा, जो कि दैनिक और लंबी दूरी के यात्रियों दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी। उदाहरण के लिए, यदि कोई यात्री 100 का स्टैंडर्ड टिकट खरीदता है, तो वह केवल 20 अतिरिक्त देकर क्लाप्रीमियम स में यात्रा कर सकता है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनें 55 किलोमीटर लंबे मार्ग पर परिचालित हैं, जिसमें 11 स्टेशन शामिल हैं: न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबा. बाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ, और मेरठ साउथ। शेष कॉरिडोर पर ट्रायल रन जारी हैं, और 82 किलोमीटर लंबे पूरे मार्ग, जिसमें मेरठ मेट्रो सेक्शन भी शामिल है, को इसी वर्ष चालू करने का लक्ष्य है।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने सभी संकायों - विज्ञान, वाणिज्य एवं कला ख्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

गौरीशा ने 99% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वृत्ति भारद्वाज तथा अक्षिता वर्मा ने 98% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता ने 97.75% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गौरीशा ने 99% अंक लाकर कला संकाय में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर सबको गौरान्वित किया। मयंक कुमार ने 96.5% अंक लाकर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता ने भौतिकी रसायन-गणित शाखा में 97.75% अंक लाकर एवं सौम्य भारद्वाज ने भौतिकी रसायन-जीवविज्ञान शाखा 97.25% अंक लाकर (विज्ञान संकाय) में प्रथम स्थान प्राप्त करके सभी को गौरान्वित किया।

आदि गुप्ता, रिधिमा बलियान, कौस्तुभि वर्मा एवं आर्यन नागर ने अंग्रेजी में, गौरीशा ने राजनीति शास्त्र में, वृत्ति भारद्वाज, आन्या अग्रवाल एवं अर्पिता बंसल ने मनोविज्ञान में, ऋषभ यादव ने लेखा में, कनिष्का जयंत ने पेंटिंग में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।


कुल विद्यार्थियों में से 6.64% ने 95% से अधिक, 18.96% ने 90% से अधिक, 32.23% ने 85% से अधिक, 60.66% ने 75% से अधिक तथा 88. 15% विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किए। शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए, विद्यालय ने सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा में 100% उत्तीर्णता दर दर्ज की।

विद्यालय के चेयरमैन सुभाष जैन ने विघ्यार्थियों 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी विघ्यार्थियों को आगे भी निरंतर प्रगति करने हेतु आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन नमन जैन ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत व समर्पण सराहनीय है। भविष्य में भी वे सभी इसी तरह सफलता के शिखर छूते रहें, यही हमारी कामना है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० गीता जोशी ने परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ष्हमारे विद्यार्थियों ने निरंतर परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। यह परिणाम हमारे विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा और समर्पित शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है। हम सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई में लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सीबीएसई का बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नेहरु वर्ल्ड स्कूल का परिणाम बेहद सुखद व शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कला वर्ग में अंशवी एवं रिद्धिमा अग्रवाल ने संयुक्त रुप से सर्वाधिक 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में हार्दिक मित्तल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में दिव्यांशी श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 148 विद्यार्थियों में से कुल 78 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल को सम्मानित किया। स्कूल का औसत परीक्षाफल 90% रहा।

**परीक्षा परिणाम के विशेष बिन्दु**

परीक्षा परिणाम
100%
कला वर्ग अंशवी
99.6%
रिद्धिमा अग्रवाल
वाणिज्य वर्ग हार्दिक मित्तल
98.2%
विज्ञान वर्ग दिव्यांशी श्रीवास्तव
96.8%
स्कूल कुल औसत
90%
90% व उससे अधिक
78/148 (52.71%)
विशेष योग्यता (Distinctions)
139/148 (96.12%

एसीपी के नेतृत्व में चला यातायात जागरूकता अभियान

# बिना हेलमेट चालकों को पुलिस ने मुफ्त में दिए हेलमेट

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय और अनूठी पहल की है। शहर के मोहन नगर चौराहे पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे 36 लोगों को मुफ्त में हेलमेट वितरित किए गए। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद के नेतृत्व में संचालित किया गया। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ नियम तोड़ने वालों को रोका, बल्कि उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि यह पहल केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी इसी तरह लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति संवे. दनशील किया जा रहा है।

## एक नजर

# श्री किशन लाल जी को गणमान्य व्यक्तियों ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिलशाद कॉलोनी निवासी श्री किशन लाल जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंडेरा नंद नगरी के विधायक बीर सिंह दिघान और नंद नगरी की पार्षद मौनी जिनवाल ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कंडेरे करन समाज कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष योगी महासचिव सूरज प्रकाश संरक्षक कंछी लाल संगठन मंत्री राम रतन प्रचार मंत्री पवन पम्मी सुशील करन समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष गजराज सिंह संरक्षक नानक चंद उपाध्यक्ष मुकेश सोहन पाल जगदीश प्रगतिशील करन समाज सेवा दल के अध्यक्ष हरि ओम उपाध्यक्ष रामबीर महासचिव सुरेश सचिव देशराज और काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। किशन लाल के छोटे भाई और प्रमुख समाज सेवी रवि नागर ने श्रद्धांजलि सभा में आए गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अनुपम गर्ग वैज्ञानिक सत्र अध्यक्ष के रूप में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** अलीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन 'फिजियोगाइड-3' में मोदीनगर के सुप्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट, शोधकर्ता तथा डॉ. गर्ग फिजियोमेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ. अनुपम गर्ग को वैज्ञानिक सत्र अध्यक्ष (साइंटिफिक सैशन चेयरपर्सन) के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में देशभर से फिजियोथेरेपी क्षेत्र के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं फिजियोथेरेपी छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। डॉ. अनुपम गर्ग ने इस अवसर पर नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की एचओडी एवं प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया अवस्थी द्वारा प्रस्तुत सत्र की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में उनकी पीएच. डी. मार्गदर्शिका एवं सुभारती कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, मेरठ की डीन एवं प्राचार्या डॉ. जैस्मिन आनंदाबाई की उपस्थिति भी विशेष रही। इस अवसर पर गाजियाबाद जिले से पहुंचे फिजियोथेरेपी विशेषज्ञों में डॉ. पवन सैनी (उपाध्यक्ष, आईएपी ख्र उत्तर प्रदेश शाखा), डॉ. अंकुर गौड़, डॉ. रेनू गिरी, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. धीरज त्यागी, डॉ. गौरव त्यागी आदि मुख्य रूप से शामिल थे। शहर के प्रमुख चिकित्सकों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा डॉ. अनुपम गर्ग को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# संतोष हॉस्पिटल के द्वारा किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संतोष हॉस्पिटल के द्वारा ब्लॉक भोजपुर मे 60 गाँवो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे चीफ गेस्ट रही सुचिता सिंह और आशीष चौधरी और कृष्णवीर जून। बैठक में 60 गांवो के प्रधान उपस्थित रहे। जिन्हें संतोष मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। सभी ग्राम प्रधानों का संबोधन व आभार व्यक्त करते हुए आईएसआर हेड डॉ.श्वेता चौधरी ने संतोष हॉस्पिटल (गाजियाबाद) के दूरदर्शी योजनाओं और उनसे लाभ कैसे लिया जाये विस्तार से जानकारी दी। संतोष हॉस्पिटल अत्यआधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की विस्तार से चर्चा की और विभिन्न विभाग कार्डियोलॉजी,




नेफ्रोलॉजी गैस्ट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, पलमोनरी,जनरल सर्जरी, के विषय में जानकारी देते हुए कहां की दिल्ली एन.सी.आर. में संतोष हॉस्पिटल न्यूनतम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करा रहा है और चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से अपनी चिकित्सय सेवाओ में विस्तार कर रहा है, आईएसआर हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी ने सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को हॉस्पिटल की सुविधाओं की जानकारी देते हुए। ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया अस्पताल की सेवाओं को जन समुदाय तक पहुंचाएं। सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों का पूर्ण सहयोग और समर्थन मिला और वर्तमान में गांवो में दी जा रही अस्पताल की जन स्वास्थ्य सेवाएं, जिसमें मरीज को बस द्वारा गांव से अस्पताल फ्नि:शुल्क ले जाना और वापस निशुल्क छोड़ना और न्यूनतम दरों पर इलाज देने के लिए, ब्लॉक प्रमुख सुर्. चता सिंह जी व आशीष चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण वीर जून व ग्राम प्रधानों ने संतोष हॉस्पिटल की प्रशंसा और उज्जवल भविष्य की कामना की। संतोष हॉस्पिटल के नाम प्रतीक चिन्ह देते हुए हॉस्पिटल, का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया,व अनुरोध किया इसी तरह से अस्पताल सामान्य और गरीब जनों को अपनी सेवाएं न्यूनतम दरों पर प्रदान करता रहे। संतोष हॉस्पिटल की तरफ से आईएसआर हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी ने सभी ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया। प्रधान मीटिंग को सफल बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह आशीष चौधरी वरिष्ठ समाजसेवी, कृष्ण वीर जून वरिष्ठ समाजसेवी का विशेष योगदान रहा और संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद स्टाफ आईएसआर हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी, मार्केटिंग टीम के सदस्य सोनू भारती, सुमित कुमार, गुरदीप तेवतिया, कपिल शर्मा, अनुज सूद, के नेतृत्व में प्रधान मीटिंग का सफल आयोजन हुआ।

# जीवन आशा अस्पताल में 20 मई से होगा कैंसर का उपचार

## 15 से 20 मई तक लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र स्थित जीवन आशा अस्पताल के छठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जैन संत आचार्य सौरभ सागर महाराज की पावन उपस्थिति और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। पबताया गया कि सौरभ सागर सेवा संस्थान द्वारा संचालित जीवन आशा अस्पताल ने पिछले छह वर्षों में जनस. ेवा के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 20 मई 2025 को अस्पताल का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उसी दिन से अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए उपचार सेवाओं की शुरुआत भी की जा रही है, जो संस्थान की ओर से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया और सराहनीय कदम होगा। इस विशेष अवसर को और व्यापक जनहित में रूपांतरित करते हुए, 15 मई से 20 मई तक अस्पताल परिसर में नि:शुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रहेगी, जो जरूरतमंद रोगियों की जाँच, परामर्श व प्राथमिक उपचार करेंगे।

**विकलांगजनों की सेवा में समर्पित अस्पताल**

जीवन आशा अस्पताल की पहचान एक चौरिटेबल हॉस्पिटल के रूप में है, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के इलाज और कृत्रिम अंगों के निर्माण व नि:शुल्क वितरण के लिए समर्पित है। अस्पताल परिसर में ही आधुनिक तकनीक से इन-हाउस कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट स्थापित की गई है, जहाँ दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार पैर, हाथ एवं अन्य अंगों की सुविधा दी जाती है। पिछले 6 वर्षों में अभी तक लगभग 5000 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं जिसमें बहुत से दिव्यांग होने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया।

**न्यूनतम शुल्क पर ओपीडी सेवाएं और आगामी विस्तार योजनाएं**

अस्पताल में विभिन्न रोगों जैसे हड्डी रोग, नेत्र, दंत, श्वसन, बाल एवं स्त्री रोग, हृदय रोग आदि की ओपीडी सेवाएं रियायती शुल्क पर नियमित रूप से उपलब्ध हैं। संस्थान ने इस वर्ष से 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा शुरू करने की योजना भी घोषित की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में रोगियों को तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके।

**संस्थान का उद्देश्य - सेवा ही धर्म**

सौरभ सागर सेवा संस्थान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। आचार्य सौरभ सागर महाराज के मार्गदर्शन में संस्था जनसेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को लेकर लगातार कार्यरत है। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों संजय जैन अजय जैन, अशोक गोयल जैन, कमल जैन ,संजीव गोयल जैन राहुल जैन ब, श्रीमती नीति रेखा जैन नूतन गोयल निधि शर्मा संदीप सिंह चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# अंकित कुमार के आतिशी शतक से गोल्डन हाकस सेमीफाइनल में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट मे गोल्डन हाकस ने मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन को 113 रन से हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। टास जीत कर मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया परन्तु धनंजय सिंह 48 रन व अंकित कुमार 106 रन की आकर्षक पारी ने 282 रनो का अंबार 40 ओवर मे लगा दिया जिसे प्राप्त करने के लिए मेरठ के सत्यम संगू 72 रन व प्रियम गर्ग 40 रन के अतिरिक्त कोई बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने मे आवश्यक योगदान नही दे सका, फलस्वरूप पूर्ण टीम मात्र 174 रनो पर 29 ओवर मे सिमट गई।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा द्वारा अंकित कुमार को दिया गया। संचालन पूर्व रणजी खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने किया। प्रमुख स्कोर- गोल्डन हाकस:- 287 रन 9 विकेट पर धनंजय सिंह 48 रन ( 6 चौके) अंकित कुमार 106 रन ( 14 चौके,3 छके) अजय कुमार ने 4 व प्रशांत चौधरी ने 2 विकेट




लिए। मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन:- 174 सभी आउट 29 ओवर मे। प्रियम गर्ग 40 रन ( 8 चौके, 1 छका) सत्यम संगू 72 रन ( 8 चौके, 7 छके) ऋषभ शर्मा ने 3 , जसकरण सिंह व धनंजय ने 2-2 विकेट लिए। कल प्रात:काल नोएडा वंडरस व ग्रीनफील्ड क्रिकेट एकेडमी के मध्य लीग मैच खेला जाएगा।

# विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विद्युत चोरों पर की गयी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विशेष चौंकिग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर ग्राम सारा, मोदीनगर, ग्राम फरीदनगर, मोदीनगर एवं ग्राम सालेहनगर, मोदीनगर में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान 134 नं0 व्यक्त्यिों के परिसर चौक किये गये जिनमें 33 नं. सीधे विद्युत चोरी करते पाये गये। जिसमें धारा 135 ए, तथा 08 नं. उपभोक्ताओं के विरू) धारा 138 बी. के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी।

मोदीनगर एक्स एन महेश उपाध्याय ने बताया कि खण्ड के अन्तर्गत समस्त अवर अभियन्ताओं एवं उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह रात्रि के समय अपने-अपने क्षेत्रें में पैट्रोंलिंग करना सुनिश्चित करे। जिससे हो रही चोंरियों पर रोकथाम हेतु दोषियों पर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की जा सकें। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्रवासियों से अपेक्षा है कि जिनके द्वारा बिना संयोजन स्वीकृत कराये सीधे विद्युत चोरी की जा रही है, वह ससमय नया संयोजन स्वीकृत करा लें। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड/खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें। अन्यथा की स्थिति पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद तथा विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाधयता होगी। विद्युत बिल का भुगतान करने हेतु खण्ड के अन्तर्गत समस्त उपभोक्ता शासन द्वारा उपभोक्ताओं की सूविधा के दृष्टिगत् जारी किये गये विभिन्न पोर्टल/ऑनलाइन पर घर बैठे भुगतान किया जा सकता है।



**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर की 12वीं की छात्रा त्रिशा शर्मा ने 98.2% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है शहर के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ संदीप शर्मा की बेटी की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन व शहरवासियों ने उन्हें बधाई दी।

# नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त धवन जायसवाल का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा नव नियुक्त पुलिस उपायुक्त धवन जायसवाल का स्वागत किया गया और व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर दीपक गर्ग संजय गुप्ता सोनू सैनी दुष्यंत गुप्ता विकास शर्मा अनवर कुरैशी जगमोहन जॉन दिनेश सिसोदिया आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का

# सीबीएसई परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 में एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम न केवल शत-प्रतिशत सफलता दर के साथ गौरवपूर्ण रहा, बल्कि अधिकांश छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विज्ञान संकाय में रिया शर्मा ने 94% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ऋषभ चौधरी एवं कुणाल शर्मा संयुक्त रूप से रहे। वहीं आलोक मिश्रा, कृष तोमर और हर्ष सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।



वाणिज्य संकाय में माही बिस्वाल ने प्रथम, अंशुल ने द्वितीय एवं यश त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मानविकी संकाय में इशिका नेहवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका शर्मा एवं हर्ष ने क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।

कक्षा 10वीं में रौनक त्रिपाठी ने 95% अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। आदित्य त्यागी ने 92% अंक प्राप्त कर द्वितीय, जबकि प्रियंजलि एवं अभिनव सिंह ने 91% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के निदेशक योगेन्द्र चौधरी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, "यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का सुफल है। विद्यालय शिक्षा, संस्कार और चरित्र निर्माण में निरंतर अग्रसर है।" प्रधानाचार्या मंजू देवी ने कहा, "छात्रों ने अपने परिश्रम से विद्यालय की गरिमा बढ़ाई है। हम सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हैं।" विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संबंध विच्छेद

मैं विक्रम सिंह पुत्र हाकिम सिंह निवासी- म.नं- 308, गगन विहार थाना- टीला मोड़ जिला- गाजियाबाद अपनी पुत्री काजल को अपनी मर्जी से गैर बिरादरी में शादी करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

# 12वीं का रिजल्ट घोषित 99.02 फीसदी बच्चे हुए पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा १२वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। इस बार पास प्रतिशत ८८.३९ फीसदी रहा है। छात्र अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट जैसे cbse.gov.in, cbseresults.nic.in, results.cbse.nic.in और results.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। छात्र रोल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी, स्कूल कोड और जन्म तिथि जैसे लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके अपने स्कोर की जांच कर सकते हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने १२वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार पास प्रतिशत ८८.३९ फीसदी रहा है। १७ रीजन में विजयवाड़ा ९९.६० फीसदी के साथ टॉप पर है। वहीं दूसरा स्थान पर त्रिवेंद्रम है। जहां ९९.३२ फीसदी बच्चे पास हुए हैं। इसके अलावा प्रयागराज अंतिम १७वें पायदान पर रहा। यहां का पास प्रतिशत ७९.५३ फीसदी रहा। जबकि दिल्ली वेस्ट का ९५.३७, दिल्ली ईस्ट का ९५.०६, चंडीगढ़ का ९१.६१, पंचकूला का ९१.१७, देहरादून का ८३.४५ फीसदी रिजल्ट रहा है। देशभर में जवाहर नवोदय विद्यालय का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा है। यहां पास प्रतिशत ९९.२९ फीसदी रहा है। निजी स्कूल का ८७.९४ फीसदी के साथ सबसे कम है। जबकि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल का रिजल्ट ९१.५७ फीसदी रहा। सीबीएसई १२वीं में गाजियाबाद के जयपुरिया स्कूल की निशिका भंडारी और सेंट टेरेसा स्कूल की रूपसा ने ९९.४% अंक हासिल किए हैं। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर ६ की छात्रा सिया मखीजा ने ९९.०२ प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

# रेलवे ने कोटे का दुरुपयोग रोकने को जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आपातकालीन कोटे के तहत ट्रेनों में सीट या बर्थ आरक्षण के लिए ट्रैवल एजेंटों से प्राप्त किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। मंत्रालय का यह निर्देश इस कोटे के दुरुपयोग की शिकायतों के बाद आया है। सभी १७ रेलवे जोनों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को लिखे एक लिखित निर्देश में मंत्रालय ने कहा, आपातकालीन कोटे से अनधिकृत रूप से सीटें आवंटित करने के प्रयासों के मामले संज्ञान में लाए गए हैं। मंत्रालय ने आपातकालीन कोटे से सीटें आवंटित करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए २०११ में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। जब भी उसे इसके दुरुपयोग के बारे में शिकायतें मिलती हैं, तो वह संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालन के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहराता है। मंत्रालय ने कहा, ष्आपातकालीन कोटा आवंटन के संबंध में समय-समय पर जारी मौजूदा दिशा-निर्देशों का सही मायने में पालन किया जाना चाहिए। आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने के लिए लिखित अनुरोध पर राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए।

आपातकालीन कोटे से सीट के आवंटन के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर, हस्ताक्षरकर्ता को अपना नाम, पदनाम, टेलीफोन नंबर/मोबाइल नंबर और यात्रियों में से एक का मोबाइल नंबर बताने के लिए कहा जाना चाहिए। प्रत्येक अधिकारी/अनुभाग/महासंघ आपातकालीन कोटा और उसके विवरण के लिए आवेदन दर्ज करने के लिए एक रजिस्टर बनाएगा, जिसमें ऐसे सभी अनुरोधों को एक डायरी में दर्ज किया जाएगा जिसमें यात्रा का पूरा विवरण होगा और यह भी बताया जाएगा कि अनुरोध कहां से प्राप्त हुआ है।

# 10वीं का रिजल्ट भी घोषित स्टूडेंट्स हुए वेबसाइट से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज १०वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस वर्ष ९३.६६% स्टूडेंट्स पास हुए हैं जो पिछले वर्ष से बेहतर है। लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्र अपना स्कोर आधिकारिक वेबसाइटों जैसे cbse.gov.in, cbse results. nic.in, results.cbse.nic.in और results. gov.in पर जाकर देख सक सकते हैं। अधिकांश जगहों पर देखने को मिला कि १०वीं कक्षा का रिजल्ट खुल नहीं रहा है। सीबीएसई ने वेबसाइट पर लिंक शेयर नहीं किया। अभिभावक व विद्यार्थी रिजल्ट देखने के लिए परेशान नजर आए। अभिभावक रिजल्ट को लेकर एक-दूसरे को कॉल करते रहे। ज्यादातर स्कूल वाले भी रिजल्ट को लेकर परेशान दिखाई दिए। सीबीएसई दसवीं का पास प्रतिशत ९३.६६ फीसदी रहा। दसवीं कक्षा में ९५ फीसदी छात्राएं पास हुई हैं। ९३.६६ फीसदी छात्र पास हुए हैं। १०वीं में नोएडा रीजन में इस बार १७०१११ परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें से कुल १५०७९५ परीक्षार्थी पास में है। जिले का ओवरऑल प्रतिशत ८९.४१ रहा है। इसमें १००३९७ लड़कों में से ८७७२२ पास हुए हैं। इनका ८७.३८ प्रतिशत रहा है। इसी तरह परीक्षा में शामिल ६८२६१ छात्राओं में से ६३०७३ पास हुई हैं। इनका ओवरऑल प्रतिशत ८७.३८ रहा है।

पिछले साल १३ मई को सीबीएसई कक्षा १०वीं परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई थी। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत ९३.१२% दर्ज किया गया था। यह २०२३ की तुलना में ०.४८% अधिक था। पिछले पांच वर्षों का उत्तीर्ण प्रतिशत आप नीचे तालिका में देख सकते हैं। साल २०२४ में ९३.६० प्रतिशत, साल २०२३ में ९३.१२ प्रतिशत, साल २०२२ में ९४.४० प्रतिशत, साल २०२१ में ९९.०४ प्रतिशत और २०२० में ९१.४६ प्रतिशत पास स्कोर रहा।

# मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों की वीरता व बहादुरी को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता व बहादुरी का सम्मान करने के लिए आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित ष्शौर्य सम्मान यात्राष में शामिल हुई। इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मुख्य उद्देश्य हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाना रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आतंकवाद के आकाओं ने अगर भारत के ऊपर आँख उठाकर भी देखी तो उन्हें करारा जवाब मिलेगा द्य इस यात्रा का उद्देश्य न केवल "ऑपरेशन सिंदूर" का समर्थन करना है, बल्कि युवाओं और आम नागरिकों में देशभक्ति, अनुशासन और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करना है। इस यात्रा में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री, सांसद ,विधायक और आम नागरिको ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान और संप्रभुता का प्रतीक है। हमारे सैनिक जिस निष्ठा और पराक्रम से सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, वह हर नागरिक के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। यह 'शौर्य सम्मान यात्रा' उन वीर जवानो को दिल्ली सरकार की तरफ से नमन है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव है, जिसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिक्रिया का प्रतीक है, जिसके तहत आतंक के मुख्य ठिकानों को नष्ट किया गया। इस ऑपरेशन के माध्यम से भारत ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है और अपनी अखंडता की रक्षा करने का संकल्प दोहराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा हमारे उन सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान के प्रति एक सामूहिक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया।



**पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा विभाग की रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली और दस्तावेजों के संग्रह का निरीक्षण करते हुए।**

# दिल्ली आर्काइव पुराने दस्तावेजों की लगाएगी प्रदर्शनीः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आर्काइवल हेरिटेज को आम लोगों के करीब लाने के उद्देश्य से पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली आर्काइव विभाग जल्द ही एक सार्वजनिक प्रदर्शनी का आयोजन करेगा, जिसमें ऐतिहासिक दस्तावेजों और पुराने सरकारी रिकॉर्ड को प्रदर्शित किया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि यह प्रदर्शनी दिल्ली के इतिहास को जानने-समझने में लोगों की रुचि बढ़ाएगी, साथ ही इसमें सिख धार्मिक संस्थाओं और साहित्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जो विभाग के पास संरक्षित हैं। जैसा कि बीते दिनों मंत्री ने कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया स्थित दिल्ली आर्काइव विभाग का निरीक्षण किया था, उस दौरान मंत्री ने दिल्ली आर्काइव विभाग को इससे संबंधित प्रदर्शनी लगाने पर जोर दिया था। अपने दौरे के दौरान उन्होंने विभाग की रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली और दस्तावेजों के संग्रह का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सरकारी फाइलों, ऐतिहासिक पत्राचार, पांडुलिपियों, पुराने नक्शों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन किया। मंत्री को विभाग द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक संरक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई, जिसमें रोकथाम और मरम्मत दोनों तरह की विधियां शामिल हैं। उन्होंने माइक्रोफिल्म रीडर का निरीक्षण किया और जर्मन तकनीक की सहायता से हो रहे ५ करोड़ से अधिक पृष्ठों के दीर्घकालिक संरक्षण की प्रक्रिया को समझा।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सिख विरासत से जुड़े पुराने दस्तावेजों और धार्मिक संस्थानों के ऐतिहासिक विकास से संबंधित पत्राचार भी देखा।इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने ढांचे और संसाधनों से जुड़ी चुनौतियों को भी सामने रखा। इस पर मंत्री ने कहा कि "दिल्ली अभिलेखागार हमारे राजधानी क्षेत्र के दस्तावेजी इतिहास की रक्षा में एक अहम भूमिका निभाता है। मैंने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया है और संबंधित विभागों के साथ मिलकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा।

## जंतर-मंतर पर पिछले साल के मुकाबले इस साल हुए अधिक प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल जनवरी से मार्च तक विरोध प्रदर्शन करने वालों की संख्या बढ़ गई है। यहां आकर अपनी बात कहने वालों की आवाज राष्ट्रपति भवन से लेकर संसद भवन तक पहुंचती है। पिछले साल जनवरी से मार्च तक कुल २०२ और इस साल मार्च तक २९२ प्रदर्शन हुए हैं, जिसमें पिछले साल के मुकाबले इस साल ९० प्रदर्शन अधिक हुए हैं।

२०१८ के बाद से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। इससे पहले यहां पर प्रदर्शन करने वालों के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं थी। लोग कई दिनों तक सड़कों पर चादर बिछाकर और टेंट लगाकर रहते थे और विरोध करते थे। स्थानीय लोगों को भीड़ और शोरगुल से परेशानी होने लगी, इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए अदालत में याचिका दायर की। याचिका पर कार्रवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को प्रदर्शन को लेकर दिशा-निर्देश तय करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस की ओर से जगह और समय निर्धारित करने के नियम लागू कर दिए।

# रातभर गुरुद्वारे के बाहर रहा परिवार, सुबह खाया जहरीला पदार्थ

- **मोटर पार्ट्स के कारोबार में घाटा होने के बाद हॉर्न बनाने की फैक्ट्री शुरू की लेकिन हालात नहीं सुधरे**
- **पुलिस पूरी घटना की जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्थिक तंगी के चलते कल दिल्ली में एक परिवार के चार सदस्यों ने जहरीला पदार्थ पी लिया था। जिसमे दो बच्चों की मौत हो गई और माता पिता की हालत गंभी बनी हुई है। हरदीप सिंह का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। मोटर पार्ट्स के कारोबार में घाटा होने के बाद उन्होंने हॉर्न बनाने की फैक्ट्री शुरू की लेकिन हालात नहीं सुधरे। कर्ज से परेशान होकर हरदीप उनकी पत्नी और दो बच्चों ने सुसाइड का कदम उठाया। हैरान और परेशान करने वाला पहलू यह है कि अपने इस कदम के लिए अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को कैसे तैयार किया होगा। बच्चों ने किस मनः स्थिति से माता-पिता का साथ दिया होगा।

फिलहाल पुलिस पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है। माता-पिता आखिर इतने कठोर कैसे बन गए कि १५-१६ साल तक जिन्हें पाला-पोसा और अब एकाएक जहर पीने को कह दिया और बच्चे भी इसके लिए कैसे तैयार हो गए? परिवार के तीन सदस्यों की मौत के बाद ये सवाल सभी को झकझोर रहे हैं। इस मामले की जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में फिलहाल आर्थिक तंगी ही कारण नजर आ रहा है। कुछ साल पहले इन्हें कारोबार में जबरदस्त घाटा हुआ। ऐसे में इनकी दुकान बंद हो गई। आर्थिक नुकसान के बावजूद इन्होंने करीब डेढ़ साल पहले संगम पार्क में एक छोटे से कमरे में बाइक का हॉर्न बनाने वाली फैक्टरी शुरू की लेकिन इस कारोबार में भी उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ रहा था।

पूरे परिवार को नांगलोई के चंदर विहार रहने के लिए जाना पड़ा। जांच में पता चला है कि रविवार रात परिवार के सदस्य नांगलोई से भारत नगर स्थित गुरुद्वारे आए। रातभर पूरा परिवार गुरुद्वारे के बाहर रहा। सोमवार सुबह आठ बजे हरदीप सिंह परिवार के साथ फैक्टरी पहुंचे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कारोबारी हरदीप की पत्नी के बयान के बाद ही सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। गौरतलब है कि फैक्टरी संचालक हरदीप सिंह ने सोमवार सुबह पत्नी, बेटे और बेटी के साथ जहरीला पदार्थ पी लिया। इलाज के दौरान कारोबारी और दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया, घटनास्थल पर पुलिस को संतरी रंग का पाउडर और ग्लास के पानी में केमिकल घुला हुआ मिला है। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया है।

पुलिस ने केमिकल को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि पाउडर का इस्तेमाल हार्न बनाने के दौरान किया जाता था। राजधानी के भारत नगर के संगम पार्क औद्योगिक क्षेत्र में बाइक का हार्न बनाने वाली फैक्टरी के मालिक ने सोमवार सुबह पत्नी, बेटे व बेटी के साथ जहरीला पदार्थ पी लिया। सभी को अचेत अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां कारोबारी व दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। पत्नी की हालत नाजुक है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में आर्थिक तंगी की वजह से कारोबारी के परेशान होने की बात सामने आई है।

# कालिंदी कुंज- फरीदाबाद रोड से कम होगा जाम, नया पुल तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालिंदी कुंज- फरीदाबाद रोड पर मोलड़बंद चौक और मदनपुर खादर के पास आगरा नहर पर नया पुल बन गया है। फोरलेन पुल जल्द ही कालिंदी कुंज-फरीदाबाद रोड से जुड़ जाएगा। इसके खुलते ही मोलरबंद से आने-जाने वाले वाहन चालकों को जाम से राहत मिलेगी। वाहन चालक वर्तमान में मोलडाबंद से आने-जाने के लिए पुराने पुल का उपयोग करते हैं, जो कि जर्जर होने के साथ-साथ संकरा भी है। पुराना पुल बहुत संकरा है और सुबह-शाम वहां ट्रैफिक जाम रहता है। अगर विपरीत दिशाओं से बड़े वाहन उस पुल पर आते हैं, तो वापस लौटना पड़ता है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही पुल के जर्जर होने के कारण सिंचाई विभाग ने वहां चेतावनी बोर्ड लगा दिया है और उस पुल के उपयोग पर भी रोक लगा दी है।

ऐसे में जब कालिंदी कुंज-फरीदाबाद रोड पर मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे का काम शुरू हुआ तो आगरा नहर पर नया पुल बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मोलड़बंद चौक के पास नहर पर १२ करोड़ रुपये की लागत से नया पुल बनाया गया है। इसे दोनों तरफ से सड़क से जोड़ने का काम बाकी है, जो जल्द ही पूरा भी हो जाएगा। इसी तरह मदनपुर खादर के पास पुल भी बनकर तैयार है और इसे भी सड़क से जोड़ने का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। मीठापुर चौक के पास नहर पर बने पुल को पिछले साल नवंबर में खोला गया था।



**सामाजिक संस्था सिटिजन फार नैशनल सिक्यूरिटी द्वारा कर्तव्य पथ से इंडिया गेट स्थित नैशनल वार मैमोरियल तक आयोजित तिरंगा यात्र में शामिल हुई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य नेतागण।**

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सामाजिक संस्था सिटिजन फार नैशनल सिक्यूरिटी द्वारा आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से इंडिया गेट स्थित नैशनल वार मैमोरियल तक आयोजित तिरंगा यात्रा में अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता भी सम्मिलित हुए।

सेना के आप्रेशन सिंदूर की सफलता और उसके बाद पाकिस्तान पर सख्त सैन्य कार्रवाई के समर्थन में सिटिजन फार नैशनल सिक्यूरिटी द्वारा आहूत तिरंगा यात्रा में, हाथों में तिरंगा लहराते दिल्ली वालों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आलावा केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा,रविन्द्र इंद्राज, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और अनेक विधायक एवं निगम पार्षदों के आलावा महामंत्री श्री विष्णु मित्तल सहित दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ पदधिकारी भी सम्मिलित हुए।दिल्ली के हजारों स्काउट, एन.सी.सी. कैडेट, वकील, डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ के आलावा सैकड़ों नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए।इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कभी सैनिकों के कार्य कौशल पर सवाल उठा कर सबूत मांगने वाले आज सरकार के विवेक पर सवाल उठा रहे, यह कल भी राष्ट्र विरोधी थे आज भी राष्ट्र विरोधी हैं।

## सीएम रेखा ने उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर में पूजा-अर्चना की।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भारत का एक छोटा सा हिस्सा है। आगे कहा कि यहां देश के हर राज्य के लोग रहते हैं और दिल्ली में सभी के लिए बहुत प्यार और स्नेह है। मैं आज यहां दक्षिण भारत से आए परिवारों को बधाई देने आई हूं। आज उनके मंदिर की वर्षगांठ है और मुख्यमंत्री होने के नाते मैं उन्हें यह भरोसा दिलाने आई हूं कि दिल्ली उनकी है और दिल्ली सरकार हर सुख-दुख में उनके साथ है।

# लेडी हार्डिंग में हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के बाद लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में भी हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार कर लिया गया है। इसमें फिलहाल आठ बिस्तर रखे गए हैं। इसके अलावा मरीज के तापमान को तुरंत कम करने के लिए एक टब सहित दूसरी सुविधाएं रखी गई हैं। यूनिट के साथ ही बर्फ बनाने के लिए मशीन भी लगाई गई है। इस मशीन की मदद से दिन में ३०० किलो से अधिक बर्फ बनाई जा सकती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है। इसमें शरीर का तापमान १०४ डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो जाता है। ऐसे में मरीज के तापमान को तुरंत ठीक करना जरूरी होता है। इसके लिए उसे ठंडे पानी में डाल सकते हैं। बर्फ का पानी इसका बेहतर विकल्प है। इसकी मदद से शरीर के तापमान को तुरंत कम किया जा सकता है। यदि इसके इलाज में देरी होती है तो यह खतरनाक हो सकता है। शरीर के कई अंग फेल होने के साथ मरीज की मौत तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके बचाव के लिए यूनिट में एक टब रखा गया है। इसमें ५० किलो बर्फ से भरे पानी में मरीज को रखा जाता है जिससे मरीज का तापमान तुरंत नीचे आ जाता है।नई दिल्ली क्षेत्र में हीट स्ट्रोक के मरीजों को इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अलावा दूसरा विकल्प मिल गया है।

# विधानसभा परिसर के धरोहर रूपांतरण के प्रस्ताव को लेकर मंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर एक ऐतिहासिक पहल के लिए सहयोग और समर्थन का अनुरोध किया है। इस पहल का उद्देश्य ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा परिसर को एक जीवंत धरोहर एवं सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित करना है।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को लिखे पत्र में गुप्ता ने प्रस्ताव रखा है कि १९१२ में निर्मित, भारत की विधायी और राजनीतिक विरासत से समृद्ध इस परिसर को राजधानी की लोकतांत्रिक धरोहर का उत्सव मनाने वाले एक धरोहर स्थल में बदला जाए। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए, गुप्ता ने पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का आग्रह भी किया है, ताकि परियोजना की व्यवहार्यता, दायरा और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की जा सके।दिल्ली विधानसभा भवन, जो मूल रूप से इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के लिए स्थापित किया गया था, भारत की राजनीतिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। इस प्रतिष्ठित संरचना के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए गुप्ता ने मंत्रालय से अनुरोध किया है कि प्रस्तावित रूपांतरण के लिए एक समग्र परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में सहयोग करें। इस पहल का उद्देश्य भवन की वास्तुकला की मौलिकता को संरक्षित रखते हुए, इसे आम जनता के लिए अधिक सुलभ और प्रासंगिक बनाना है। अध्यक्ष के प्रस्ताव में मुख्य रूप से भवन की मूल वास्तुकला का संरक्षण और पुनर्स्थापन,दिल्ली की विधायी और भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को दर्शाने वाला एक विधायी संग्रहालय एवं इंटरैक्टिव प्रदर्शनी की स्थापना,पर्यटकों के लिए सुविधाएं, गाइडेड टूर, जानकारीपूर्ण साइनबोर्ड, ऑडियो-विजुअल सहायता आदि के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना का विकास,स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों की भागीदारी से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से परिसर को जीवंत बनाना आदि बिंदु शामिल है।

# छोटू गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नरेंद्र उर्फ छोटू गैंग के कुख्यात सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाराखंभा रोड के एक सशस्त्र डकैती मामले में शामिल रहा है।वह २३ महीने से अधिक समय से फरार था। उसे, पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा २०२३ में पीओ घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि १६ जून २०२३ को, तीन सशस्त्र हमलावरों ने बंदूक की नोक पर एक मनी एक्सचेंजर को लूटने का प्रयास किया था। इसके बाद बाराखंभा रोड थाने के तहत मामला दर्ज कर स्थानीय पुलिस द्वारा जांच की गई थी। इस दौरान पता चला कि डकैती का प्रयास नरेंद्र उर्फ छोटू गैंग के सदस्यों द्वारा किया गया था, जिसमें नरेंद्र उर्फ छोटू ने अपने दो अन्य साथियों सहित वर्तमान गिरफ्तार आरोपी के साथ मिलकर अपराध को अंजाम दिया था। इसके बाद एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में एसआई पंकज सरोहा, प्रदीप दहिया, एएसआई सुनील, हेड कांस्टेबल नवल और सुमित की टीम ने एक गुप्त सूचना पर अपराध में शामिल राजीव सिंह उर्फ राहुल (३७) को निर्मल सिटी, शिव मंदिर, चौहानपुरा के पास से पकड़ लिया। उसने सशस्त्र डकैती के उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता के बारे में कबूल की है।

पुलिस पूछताछ आरोपी राजीव सिंह उर्फ राहुल ने बताया कि वह गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में हाउसकीपिंग विभाग में काम करता था, जहाँ वह रोहित ठाकुर उर्फ रोहित तोमर के संपर्क में आया। रोहित ठाकुर उर्फ रोहित तोमर के माध्यम से, उसे नरेंद्र उर्फ छोटू से मिलवाया गया, जिसने उसे आगरा में डकैती करने के लिए हाथ मिलाने के लिए कहा। १४ महीने तक वह नरेंद्र उर्फ छोटू गैंग की अवैध गतिविधियों में शामिल रहा और इस तरह उसने वर्तमान सनसनीखेज सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया था।

# जलभराव रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने में जुटा निगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानसून के दौरान एमसीडी क्षेत्र में ७६ स्थानों पर जलभराव होने की आशंका है। इनमें से ६८ स्थान एमसीडी ने स्वयं चिह्नित किए हैं, जबकि शेष आठ स्थानों की सूचना यातायात पुलिस ने एमसीडी को दी है। एमसीडी ने जलभराव रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने में जुट गई है।

दिल्ली में हर वर्ष मानसून के दौरान कई इलाकों में जलभराव आम समस्या बन जाती है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एमसीडी ने समय रहते तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिन स्थानों की पहचान की गई है उनमें से कई स्थान लोक निर्माण विभाग और अन्य विभागों के अधीन आते हैं। एमसीडी ने ऐसे स्थानों के संबंध में संबंधित विभागों को सूचना भेज दी है। एमसीडी अपने अधीन आने वाले सभी स्थानों के लिए एक विशेष एक्शन प्लान पर काम कर रही है। कुछ जलभराव संभावित स्थलों पर स्थायी पंप लगाए जाएंगे, वहीं कुछ स्थानों पर अस्थायी पंपों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही नाले-नालियों की समय रहते सफाई, जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था और जरूरी निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे।

एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, एक्शन प्लान में जहां आवश्यक होगा वहां जलनिकासी लाइनों की मरम्मत या विस्तार का कार्य भी शामिल किया जाएगा। बरसात से पूर्व नाले-नालियों की गहराई से सफाई, पंपों की मरम्मत और चालू स्थिति की समीक्षा की जा रही है। जलभराव से राहत देने के लिए कॉल सेंटर, मोबाइल मॉनिटरिंग टीमें और कंट्रोल रूम को भी सक्रिय किया जाएगा। मानसून के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए फील्ड कर्मचारियों को २४ घंटे ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा।

# विधायक अतुल प्रधान मुस्लिम वोटरों को क्यों कर रहे अनदेखा!

## मुस्लिम समाज के लोगों में अतुल के खिलाफ दिखने लगी है नाराजगी

**अंदावली प्रकरण में विधायक करा रहे हैं फैसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधायक अतुल प्रधान पर इस समय क्षेत्र की जनता कई गंभीर आरोपो के साथ दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगा रही है। जिससे एक समाज के लोग काफी नाराज नजर आ रहे हैं।

लोगों का कहना है कि हाल ही में लावड़ कस्बे में पुलिस द्वारा दलित समाज की महिलाओं पर लाठी चार्ज करने की वीडियो वायरल होने पर विधायक उनके पक्ष में कप्तान के ऑफिस जाकर कड़ी नाराजगी जाहिर की और पीड़ित परिवार के घर हर रोज पहुंच रहे वहीं कुछ लोगों का कहना है की इसी तरह कस्बे में बीते वर्ष मुस्लिम समाज के एक युवक पर क्षेत्र के अंदावली गांव निवासी कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था इस हमले में घायल युवक लगभग 20 दिनों तक अस्पताल में रहा था।

बताया जाता है कि डंडे में लगे सुऐ से भी घायल युवक के शरीर में कई वार किए गए थे। इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। बताया जाता है कि हमला करने वाले लोग विधायक अतुल प्रधान से जुड़े हुए है ओर इस प्रकरण में विधायक ने पुलिस पर दबाव बनाया था और सैटिंग कर मुकदमे से जानलेवा हमले की धारा भी हटवाई थी। हालांकि इस आरोप की कोई पुष्टि नहीं, लेकिन लोगों का कहना है कि विधायक अतुल प्रधान दोहरा रुख अपना रहे है अगर मुस्लिम समाज के साथ कोई घटना होती है तो उसमें कोई सहानुभूति नहीं रखते और मुस्लिमों से अलग कोई भी घटना होती है तो उसे ज्यादा से ज्यादा हाइलाइट करते हैं। कस्बे के कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विधायक अंदावली वाले प्रकरण में फैसले का दबाव भी बना रहे है जबकि एक बार भी वो पीड़ित परिवार से मिलने नहीं गए थे ओर अब फैसले की बात कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर विधायक अतुल प्रधान से क्षेत्र की जनता नाराज नजर आ रही है और इस नाराजगी को लेकर अब लोगों का कहना है कि जो लोग हमें नजरअंदाज कर रहे हैं और हमारे साथ दोहरी नीति अपना रहे हैं उनसे 2027 में हिसाब चुकता किया जाएगा।

## यूनिवर्सिटी में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष की पिटाई, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूपी के मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार रात कैंपस के भीतर सिद्धार्थ कसाना और उसके साथियों ने मिलकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शुभम मलिक को खूब पीटा। इस दौरान मारपीट का वीडियो भी बनाया गया और अब अपना खौफ कायम करने के लिए इसे वायरल किया गया। वीडियो में शुभम को पीटते हुए आरोपी कह रहा है कि मेरा नाम सिद्धार्थ कसाना है। हवा भी मुड़कर चलते हैं। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के अंदर शुक्रवार रात छात्र गुटों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान मेरठ कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पर लोहे की राड से हमला कर सिर फाड़ दिया गया। आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दरअसल, शामली के लिसाड़ी गांव का रहने वाला शुभम मलिक कार में अपने दोस्त अर्पित को शुक्रवार रात करीब 12 बजे हॉस्टल आया था।

# शांति निकेतन विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए रिजल्ट में मवाना रोड स्थित शांति निकेतन विद्यापीठ छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थाना ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट हर वर्ष की भांति 100 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में साइंस स्ट्रीम में आन्या चौधरी ने 93 प्रतिशत नंबर हासिल कर विद्यालय टॉप किया तथा अविरल गर्ग ने 86 प्रतिशत तथा वर्तिका राज ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में अक्सा परवीन ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया तथा हुमेरा इसरार ने 95.2 प्रतिशतअंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तथा ईशान्या पांडे ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में अमान ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया तथा सिया छाबड़ा ने 83 प्रतिशत तथा कीर्ति राज ने 76 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10 वीं में मेधावी छात्र अनमता अली ने 88 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय टॉप किया तथा आयुश्री ने 87.2 प्रतिशत और कुशान रहेजा ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। शांति निकेतन विद्यापीठ के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा तथा सभी विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और परिश्रम का नतीजा है। एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के अपने संकल्प को दोहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थाना ने छात्रों अभिभावक को और शिक्षकों को बधाई दी और कहा यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय की कोर्डिनेटर नीरू ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।













## इंस्टाग्राम पर अभद्र भाषा व देश विरोधी पोस्ट डालने वाला भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** देश के युवाओं के दिमाग में आजकल कितना जहर घोल रहे हैं यह देखने वाली बात है। आजकल के बच्चे यह बिल्कुल भी नहीं सोच रहे कि ऐसा करने से उनका भविष्य कितना बर्बाद होगा उनको कतई भी अंदाजा नहीं है कि वह सिर्फ हिंदू मुस्लिम की राजनीति करने वाले नेताओं के इशारे पर नाचते हैं ऐसा ही मामला सोमवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर अरमान मलिक नाम के युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी कर दी। जैसे ही यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुई तो बवाल मच गया। वहीं हिंदू संगठन के लोगों ने बवाल काटा जिसमें जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार राठौर ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी को चंदोरा गांव के पास से दबोच लिया। आरोपी की पहचान अरमान मलिक पुत्र निजामुद्दीन निवासी रसूलपुर धौलडी के रूप में हुई पुलिस में आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

## फलावदा क्षेत्र में चोरों ने नलकूपों से इलेक्ट्रिक सामान किया चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र में किसानों के नलकूपों से सामान चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला गिरोह सक्रिय होने के चलते मंगलवार देर रात थाना क्षेत्र के गांव नैडू व अमरोली उर्फ बड़ा गांव में चोरों ने तीन किसानों के नलकूपो से तीन बड़े मोटर व स्टार्ट और केबिल व अन्य इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली थी। घटना के संबंध में पीड़ित किसान महिपाल पुत्र बाबू राम व प्रदीप ठेकेदार नैडू निवासी ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा पिछले कई महीनो में चोरों ने तीन बार चोरी की घटना को अंजाम देकर मोटर चोरी कर ले गए लेकिन आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी अब देर रात फिर उनकी ट्यूबवैल के दरवाजों के ताले तोड़कर वहां लगे मोटर चोरी कर ले गए। तीसरी घटना दीपक पुत्र चमन सिंह निवासी अमरोली उर्फ बड़ा गांव की ट्यूबवैल से मोटर व स्टार और केबल काट कर ले गए हैं। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

# निर्धारित तारीख और समय पर होंगे प्रबंध समिति चुनाव: विनोद गुप्ता

## एक समाचार पत्र में निवर्तमान सचिव द्वारा चुनाव स्थगित करने की सूचना हुई थी प्रकाशित

**एएसपीजी कॉलेज की प्रबंध समिति चुनाव का है मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएसपीजी कॉलेज की प्रबंध समिति में चल रही चुनाव प्रकिया के बारे में चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि चुनाव अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे। उन्होंने एक समाचार पत्र में प्रकाशित उस सार्वजनिक सूचना का खंडन किया, जिसमें निवर्तमान सचिव ने चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर दी। चुनाव अधिकारी ने उक्त सूचना को आम सदस्यों को भ्रमित करने वाला करार दिया है।

### आठ अप्रैल को ही भंग हो गई थी कार्यकारिणी

नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी विनोद गुप्ता ने बताया कि बीती 8 अप्रैल को एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया था। सचिव सहित बैठक में मौजूद अन्य पदाधिकारियों की सहमति के बाद उन्होंने चुनाव अधिकारी बनना स्वीकार किया था। सचिव द्वारा उक्त मनोनयन की लिखित रूप से जानकारी विवि को दे दी गई थी। चुनाव अधिकारी बनने के बाद उन्होंने कार्यकारिणी को भंग कर दिया था।



### 30 अप्रैल को हुई थी चुनाव की घोषणा

चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया कि फिलहाल प्रबंध समिति अपने अस्तित्व में नहीं है और नियमानुसार उन्हें चुनाव पूर्ण कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीती 30 अप्रैल को उन्होंने 25 फरवरी 2025 को चुनाव की तारीख घोषित की और उससे पूर्व होने वाली नामांकन व वोटर लिस्ट प्रकाशन आदि की तारीख व समय का ऐलान किया था। उसके बाद निवर्तमान सचिव द्वारा चुनाव स्थगित करने की घोषणा करना समझ से परे है। चुनाव स्थगन के बारे में विवि द्वारा कोई भी पत्रचार उनके संज्ञान में नहीं है। चुनाव अधिकारी मनोनीत होने के बाद चुनाव संबंधी कोई भी घोषणा करना उनका अधिकार है।

## बुल बैकोलोडर जेसीबी का चेयरमैन ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मंगलवार नगर पंचायत द्वारा क्रय की गयी बुल बैकोलोडर जेसीबी का चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व ईओ सचिन पंवार व निकाय के समस्त सभासदों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

नगर पंचायत फलावदा द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत बुल बैकोलोडर जेसीबी लगभग 39 लाख रूपये की लागत से क्रय की गयी है। बुल बैकोलोडर जेसीबी से नगर में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत कूड़े का निस्तारण कार्य, नालों की साफ-सफाई, तालाबों की साफ-सफाई व अन्य कार्य कराकर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का कार्य कराया जायेगा। इस बुल बैकोलोडर जेसीबी को प्राईवेट कार्यो हेतु किराये पर भी दिया जायेगा, जिससे निकाय की आय में वृद्धि होगी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक फहीम अहमद, मौ. साबिर सभासद, अनुराधा सभासद, नईम अनवर कुरैशी सभासद, सो. हनवीर सैनी सभासद, वकार आलम सभासद, रविन्द्र सैनी, मोहित तोमर, गणमान्य व्यक्ति व निकाय के कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

# शोभित विवि ने घाट गांव में आयोजित किया विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा घाट गांव में न्याय उसके लिए उसके अधिकार, उसकी शक्ति विषय पर एक दिवसीय विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर तथा नारी सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, कानूनी संरक्षण उपायों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था।

इस शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्कूल ऑफ एजुकेशन, सेंटर फॉर साइकोलॉजी एंड ह्यूमन बिहेवियर तथा स्थानीय प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं वरिष्ठ ग्रामीण नागरिकों की भागीदारी रही। शिविर की शुरुआत अब कानून बोलेगा नामक नुक्कड़ नाटक से हुई,

**कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को दी गई प्रेरणा**

जिसका सशक्त मंचन हर्षिता, आकृति, काजल, समृद्धि, आयुषी, नील, अविरल और सुधीश द्वारा किया गया। इसके उपरांत प्रो. प्रमोद कुमार गोयल ने कहा, कानूनी जानकारी एक ऐसा अस्त्र है जो महिलाओं को न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे समाज में परिवर्तन लाने की क्षमता और दक्षता देता है। शिविर के दौरान महिला अधिकार, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज निषेध कानून, बाल विवाह, स्त्रीधन एवं संपत्ति में अधिकार जैसे विषयों पर संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विधि संकाय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा नि:शुल्क कानूनी परामर्श भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनीता ने कहा, हर ग्रामीण महिला को यह जानना आवश्यक है कि कानून उसके साथ है, और वे नि:शुल्क विधिक सहायता की अधिकारी हैं। ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनते हैं। ग्राम सचिव विजेता राजपूत ने प्रशासनिक सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को आवेदन प्रक्रिया समझाई। बीडीओ पंकज ने कहा, सशक्त महिला ही सशक्त ग्राम का आधार है। इस प्रकार के अभियान व शिविर हर गांव में आयोजित होने चाहिए। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि इस प्रकार का एक शिविर ब्लॉक जानी खुर्द में भी आयोजित किया जाए। एडीओ पंचायत नरेश ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना ग्रामीण विकास अधूरा है, और यह शिविर एक व्यावहारिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरक प्रयास है। शिविर के दौरान महिलाओं ने न केवल सक्रिय सहभागिता की, बल्कि अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु कानूनी परामर्श भी प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और आग्रह किया कि ऐसे जागरूकता शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए।

## दलितों पर हो रहे अत्याचारों का सपाइयों ने किया विरोध, एसएसपी से कार्रवाई की रखी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती रहे। उनका कहना था कि प्रदेश में भाजपा पूरी तरीके से अपराध को रोकने में विफल साबित हो रही है पूरे प्रदेश में दलितों के साथ अन्याय हो रहा है उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और उनके साथ मारपीट की जा रही है उन्होंने कहा कि जनपद में सरधना, जेठानी, अब्दुल्लापुर आदि क्षेत्र ऐसे हैं जहां दलित के साथ अत्याचार हुए हैं। इसी के विरोध में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल ने एसएसपी विपिन टाडा से मिले उन्होंने इन सभी मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना सादा और कहां की बीजेपी तिरंगा यात्रा निकालने जा रही है। जिससे शहीद हुए सैनिकों का अपमान होगा। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह, महिला प्रकोष्ठ की मृदुला यादव, संगीता राहुल, नेहा गोड आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैक से ए-ग्रेड हुई सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि यूनिवर्सिटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नेक' द्वारा आयोजित प्रथम मूल्यांकन चक्र फर्स्ट साइकिल में ही ए ग्रेड प्रदान किया गया है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक एवं सराहनीय उपलब्धि है, जो संस्थान की उच्च गुणवत्ता, प्रतिबद्धता एवं समर्पण को दर्शाती है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में एक 'विशेष धन्यवाद समारोह' का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. के.के. सिंह ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता डीन, निदेशकगण, वित्त नियंत्रक, कूवेक शक, सातों नेक क्राइटेरिया चेयरमैन, उनकी समितियों के सदस्य, सभी विभागाध्यक्ष तथा अन्य संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कुल सचिव रजिस्ट्रार डॉ. रामजी सिंह द्वारा आयोजित इस समारोह का उद्देश्य, इस सफलता में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करना था। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल का विशेष आभार व्यक्त करते हुये कहा कि की निरंतर प्रेरणा व मार्गदर्शन में हम सभी को आज यह दिन देखने का सुखद अवसर उपलब्ध कराया है कि हम सब नैक द्वारा ए ग्रेड पाकर सेलिब्रेट कर रहे हैं। अपने स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के के सिंह के योगदान को विशेष रूप से उद्धृत करते हुये कहा कि आपकी प्रेरक नेतृत्व क्षमता, स्पष्ट दृष्टिकोण और निरंतर मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि की नींव रखी। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अमित कुमार ने मूल्यांकन प्रक्रिया की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार से विवि ने प्रत्येक क्राइटेरिया के अंतर्गत साक्ष्यों का संकलन, प्रस्तुति और विश्लेषण सुनियोजित रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में आई क्यू ए सी निदेशक द्वारा सभी उपस्थित महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं यह विश्वास व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय इसी ऊर्जा, समर्पण और गुणवत्ता के साथ भविष्य में भी उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर रहेगा।

# उज्जवल ने 90 व इंशा अंसारी ने 81 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित मोर्डन पब्लिक स्कूल का 2024-25 सत्र का सीबीएसई का परीक्षाफल शत् प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग के उज्जवल ने 90 प्रतिशत व कॉमर्स वर्ग की इंशा अन्सारी ने 81 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक हबीब खान एवं प्रधानाचार्य आई. से. चौहान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये छात्रों अध्यापकगणो को बधाई दी।



## जिला पंचायत अध्यक्ष से गांव की सड़क बनवाने की रखी मांग


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष साहिब रजा ने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी से मुलाकात कर कस्बे में ग्रीन वैली मंडप से अझोता गांव तक कच्चे रास्ते को बनवाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि इस रास्ते से काफी संख्या में लोग जाते है जिसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अध्यक्ष को बताया कि बारिश होने के बाद रास्ते से निकलना दूभर हो जाता है। अध्यक्ष ने जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया है।




## अधिवक्ता ने मकान के विवाद में की शिकायत

# गौरी पुरा चौकी इंचार्ज पर उत्पीड़न करने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मकान के विवाद में एसएसपी ऑफिस पहुंचे पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता ने ब्रह्मपुरी क्षेत्र की गौरी पुरा चौकी इंचार्ज पर परेशान करने का आरोप लगाया है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के आनन्द विला शारदा रोड के रहने वाले अधिवक्ता उदयभान शर्मा ने एसएसपी ऑफिस पहुंचे कर बताया कि मकान को लेकर परिवार व बच्चों में विवाद चल रहा है जिसकी शिकायत ब्रह्मपुरी पुलिस से की थी लेकिन चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र ने अधिवक्ता को परेशान करना शुरू कर दिया। जिसमें अधिवक्ता ने अपनी बहू पर भी धमकाने और परेशान करने का आरोप लगाया। अधिवक्ता उदयभान शर्मा का कहना है बहू बेटों ने गलत नियत से ताले तोड़कर मकान में घुस गये हैं। इसकी जानकारी थाना ब्रह्मपुरी पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि न्यायालय से मालिकाना घोषित है पीड़ित ने रीना, अनिरूध, सुभाष मिश्रा, निशान्त के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## ठेले वाले को पीटा

मेरठ कॉलेज के बाहर ई-रिक्शा चालक ने ठेले पर आम लेकर जा रहे युवक की पीटाई कर दी। लोगों ने किसी तरह दोनों को अलग किया। ईरिक्शा चालक का कहना था कि उसने गलत ढंग से ठेले को रास्ते में खड़ा कर रखा था चालक ने उसे ठेला हटाने को कहा तो उसने मारपीट कर दी।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ।**

पत्रांक: 1868/मेरठ/क्षे.प्र./जी-सफाई-बस स्टेशन/विज्ञप्ति/25/दिनांक: 13.05.2025

**विज्ञप्ति**

क्षेत्रीय प्रबन्धक मेरठ के कार्यालय पत्र संख्या 1589 दिनांक 28.04.2025 के माध्यम से भैसाली बस स्टेशन पर पराग बूथ के संचालन हेतु दिनांक 14.05.2025 समय 14:00 बजे निविदा आमंत्रित की गयी थी। उक्त दिनांक को परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ में बैठक में उपस्थित होने के कारण उक्त पत्र में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा डाले जाने की निर्धारित दिनांक 14.05.2025 के स्थान पर निविदा डाले जाने की दिनांक 24.05.2025 समय 14:00 बजे निर्धारित की जाती है व दिनांक 24.05.2025 को समय 15:00 बजे निविदा खोली जायेगी तथा दिनांक 23.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है, शेष नियम शर्तें यथावत रहेंगी। **-क्षेत्रीय प्रबन्धक, मेरठ।**

**सार्वजनिक सूचना**

**नामान्तरण ( दाखिल खारिज )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़, अन्तर्गत वार्ड सं.-01 में स्थित भवन/दुकान/खाली प्लाट सं.-80 के निवासी श्री सन्दीप पुत्र श्री विजयपाल निवासी वार्ड सं.-01, मौहल्ला अम्बेडकर, लावड़ ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 03.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसको श्री कालू राम पुत्र श्री राम प्रसाद निवासी वार्ड सं.-01, मौहल्ला अम्बेडकर, लावड़, मेरठ से क्रय किया है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है:- पूरब-16 फिट 6 इंच/मकान चन्दर, पश्चिम-16 फिट 6 इंच/रास्ता 17 फिट चौड़ा, उत्तर-21 फिट 9-3/4 इंच/मकान वेदू, दक्षिण-21 फिट 9-3/4 इंच/मकान जयपाल। इस दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन की अवधि के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत में कार्यालय दिवस में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**-अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक 13.05.2025 को समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना पढ़ने को मिली। जिसमें निवर्तमान सचिव द्वारा चुनाव स्थगित करने की घोषणा की गई है, जो पूरी तरह निराधार है। मुझे (विनोद कुमार गुप्ता) को दिनांक 08.04.2025 को प्रबंध समिति द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी घोषित किया गया। इसकी सूचना चौ. चरण सिंह विवि मेरठ को भी निवर्तमान सचिव द्वारा भेजी जा चुकी है। चुनाव प्रक्रिया 28.04.2025 को प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 13.05.2025 को समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना आम सदस्यों को भ्रमित करने वाली है तथा नियमानुसार चल रही चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश है। चुनाव अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25.05.2025 को नियत समय पर होंगे।

**-विनोद कुमार गुप्ता**
**चुनाव अधिकारी**
**ए. एस. डिग्री कॉलेज एसो.**
**मवाना ( मेरठ )**

# नोएडा रीजन में सीबीएसई का रिजल्ट घोषित

- अधिकांश स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा
- 85 प्रतिशत से ज्यादा स्टूडेंट्स को मिले 90 प्रतिशत अंक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए है। इस बार नोएडा रीजन में 10वी का परीक्षा परिणाम 89.41 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.29 प्रतिशत रहा।

पिछले साल 10वीं का परीक्षा परिणाम 91.72 प्रतिशत रहा था। वहीं 12वीं में विगत साल 80.27 प्रतिशत रिजल्ट रहा। जबकि 2023 में 12वीं 90.27 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए थे। 10वीं में नोएडा रीजन देश में सीबीएसई के 16 क्षेत्रों में 15वें स्थान पर है।

नोएडा रीजन 12वीं में कुल 17 में से 16 स्थान पर रहा। ओवर आल पिछले साल के मुकाबले इस बाल रिजल्ट बेहतर रहा।

**नोएडा जिले में 10वीं ओवरऑल प्रतिशत** 89.41 **रहा:** 10वीं में नोएडा रीजन में इस बार 170111 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इसमें से कुल 150795 स्टूडेंट्स पास हुए। जिले का ओवरऑल प्रतिशत 89.41 रहा है। इसमें 100397 लड़कों में से 87722 पास हुए हैं। इनका 87.38 प्रतिशत रहा है। इसी तरह परीक्षा में शामिल 68261 छात्राओं में से 63073 पास हुई हैं। इनका ओवरऑल प्रतिशत 87.38 रहा है। वही एमिटी के अभिज्ञान बोरा ने 10वीं में 99.8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

210 **सेंटरों पर हुई परीक्षा:** 10 और 12वीं को मिलाकर इस बार करीब 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे। जिले में सीबीएसई के 210 स्कूल है। इसमें से डीपीएस, एमिटी, रेयान, एपीएस, विश्वभारती पब्लिक स्कूल, बाल भारती, मार्डन के अलावा रेयान, लोट्स वैली, इंडस वैली, शिव नादर जैसे स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।यहां स्कूलों में परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स के चेहरों पर खुशी देखी गई।

**नहीं जारी होगी मेरिट लिस्ट:** इस बार भी 12वीं और 10वीं की परीक्षा परिणाम में स्टूडेंट्स की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई। बताया गया कि अधिकांश स्कूलों में 85 प्रतिशत से ज्यादा स्टूडेंट्स के मार्कस 90 प्रतिशत से ज्यादा है। स्टूडेंट्स ने बताया कि मेरिट जारी नहीं होने से कंपटीशन का भाव समाप्त होता है। एक तरह से अच्छा और खराब दोनों ही है। फिलहाल काफी लंबे से स्टूडेंट्स परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे।

# जांच के घेरे में यमुना प्राधिकरण की आवासीय परियोजनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की आवासीय परियोजनाएं अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दायरे में आ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सबवेंशन स्कीम में कथित गड़बड़ियों को लेकर दिए गए निर्देशों के बाद सीबीआई ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जांच के दायरे में यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 17 ए में सुपरटेक की अपकंट्री, सेक्टर 22डी स्थित ओएसिस रियलटेक की ट्रेंडस्टेंड और जेपी ग्रुप की कोव और कासिया परियोजना को रखा गया है।

सीबीआई ने पिछले सप्ताह यीडा को औपचारिक पत्र भेजकर इन प्रमुख बिल्डरों की परियोजनाओं से जुड़े दस्तावेजों की मांग की है। इन दस्तावेजों में भूमि आवंटन से संबंधित फाइलें, लीज डीड, स्वीकृत भवन योजना, भुगतान रिकॉर्ड तथा बिल्डरों व प्राधिकरण के बीच हुए पत्राचार शामिल हैं।

दरअसल, 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई को एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आद. ेश दिया। कोर्ट ने कहा था कि बिल्डरों और बैंकों के बीच की अवैध साठगांठ के कारण मासूम खरीदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अदालत ने इस मामले को देश भर में फैले एक बड़े रियल एस्टेट घोटाले की संज्ञा दी थी। इसके तहत सीबीआई को सात प्रारंभिक जांचें दर्ज करनी हैं।

इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम, गाजियाबाद और मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता जैसे महानगरों की परियोजनाएं शामिल हैं। जांच में सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को पुलिस अधिकारियों की तैनाती के आदेश दिए गए हैं। उधर, यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों को सभी आवश्यक दस्तावेज सौंप दिए गए हैं।

**यह है सबवेंशन स्कीम विवाद:** सबवेंशन स्कीम के तहत बिल्डर बैंकों से समझौता कर लेते थे कि वे होम लोन की ईएमआई तब तक खुद चुकाएंगे जब तक खरीदार को फ्लैट का पजेशन नहीं मिल जाता। लेकिन कई मामलों में बिल्डरों ने समय पर भुगतान नहीं किया और बैंक सीधे खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगे। इस तरह, हजारों खरीदार कर्ज के बोझ तले दब गए जबकि परियोजनाएं अधूरी रह गईं या दिवा. लियापन की प्रक्रिया में चली गईं।

# कार की टक्कर से फैक्टरी कर्मी की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-83 में छह मई की सुबह फैक्टरी से घर पैदल लौट रहे कर्मचारी को फॉर्च्यूनर के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार चल रहा है। उसके पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला गोरखपुर के गांव हाटा निवासी मोहन शाही ने पुलिस को बताया कि बेटा अनुराग शाही सेक्टर-93 में किराये पर रहता है। वह फेज-दो क्षेत्र स्थित कंपनी में नौकरी करता है।

अनुराग छह मई की सुबह अपनी कंपनी से घर वापस पैदल लौट रहा था। वह सेक्टर-83 स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचा तो फॉर्च्यूनर के चालक ने उसे टक्कर मार दी।

स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और घायल अनुराग को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे में अनुराग का बायां पैर टूट गया है और शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। वाहन चालक की पहचान मोहम्मद वसीम खान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मादक पदार्थों की तस्करी में महिला समेत चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने सोमवार रात अलग-अलग स्थान से मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चार किलो गांजा और 110 पव्वा अवैध शराब बरामद हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार रात टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर एफएनजी सर्विस रोड स्थित ग्रीन बेल्ट से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों के पास से 110 पव्वा अवैध शराब बरामद हुई। दोनों की पहचान जिला सुल्तानपुर के गांव उगडपुर भटपुरा निवासी ओम प्रकाश और जिला सुल्तानपुर के गांव उदयपुर निवासी अंबिका यादव के रूप में हुई।

इसी तरह टीम ने सोमवार रात एफएनजी सर्विस रोड से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसके पास से दो किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान जिला औरैया के गांव खोयला निवासी अमित कुमार के रूप में हुई। वहीं, टीम ने बहलोलपुर अंडरपास से एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। उसके पास से एक किलो 394 ग्राम गांजा बरामद हुआ। महिला की पहचान सेक्टर-63 स्थित गांव वाजिदपुर निवासी कल्लो देवी के रूप में हुई। चारों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह फैक्टरियों में काम करने वाले और राहगीरों को अवैध रूप से गांजा-शराब बेचते हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## एक नजर

### मिट्टी खनन के विरोध पर डंपर चढ़ाने का प्रयास

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में कृषि फार्म की जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी खनन का विरोध करने पर बाप-बेटे के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि चालक ने उनके ऊपर डंपर चढ़ाने की कोशिश की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा में रहने वाले प्रदीप कुमार शाही ने पुलिस से शिकायत की। उनका आरोप है कि सेक्टर-148 के समीप उनका कृषि फार्म है। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि उनके कृषि फार्म की जमीन से कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे हैं।

वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचे और खनन कर रहे लोगों का विरोध किया। इस बीच आरोपी जेसीबी और डंपर लेकर वहां से भाग निकले। एक डंपर को उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो चालक ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद कुछ लोग दो-तीन गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंचे और उनके बेटे के साथ मारपीट की। पीड़ित ने बीचबचाव किया तो उन पर भी हमला किया गया। इसके बाद आरा. ेपी धमकी देकर भाग गए।

### कई सेक्टरों में पानी की दिक्कत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी की परेशानी भी बढ़ गई है। शहर के लगभग हर सेक्टर में रहने वाले लोगों को इन दिनों पानी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं पर पानी का प्रेशर बहुत कम है तो कहीं सप्लाई ही नहीं आ रही है। कई स्ध्थानों पर गंदे पानी की सप्ध्लाई हो रही है। सेक्टर के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार करने की गुहार लगाई है। शहर के अल्फा, बीटा, डेल्टा व अन्य सेक्टरों में रहने वाले लोगों को पिछले कई दिनों से सप्ध्लाई होने वाले पानी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पानी का प्रेशर इतना कम होता है कि मोटर चलाने के बाद भी टंकी तक पानी नहीं पहुंचता है। साथ ही पानी सप्लाई का समय भी बहुत कम हो गया है। डेल्टा दो सेक्ध्टर के महासचिव आलोक नागर का कहना है कि पानी के बिल में प्राधिकरण ने बढ़ोत्ध्तरी कर दी लेकिन प्रेशर दिन प्रतिदिन कम हो रहा है। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सेक्टर के लोग पानी का बिल जमा नहीं करेंगे।

### कूड़ा निस्तारण के लिए फिर टेंडर जारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उद्यानिक कूड़े के निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण प्लांट शुरू नहीं कर पा रहा है। एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण ने चार स्थानों पर प्लांट लगाने के लिए टेंडर जारी किया। इससे पहले इस साल मार्च में सेक्टर-8, 59, 117 और 150 में उद्यानिक कूड़े के निस्तारण के लिए प्लांट लगाने को टेंडर जारी किया गया था। अप्रैल महीने में खोले गए टेंडर में एक भी एजेंसी ने आवेदन नहीं किया। एजेंसियों की तरफ से बताया गया कि प्राधिकरण को जो सालाना शुल्क दिया जाना है, वह काफी महंगा है। टेंडर की शर्तों में बिना कोई बदलाव किए अब एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण ने संबंधित स्थानों पर प्लांट लगाने के लिए टेंडर जारी किया है।

### युवक पर चाकुओं से हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर चार लोगों ने हमला कर दिया। घटना करौली गांव की है। पीड़ित प्रदीप कुमार सोमवार शाम को घरेलू सामान खरीदने बाजार जा रहा था। हमलावरों की पहचान अजीत, मनोज, दीपक और नितिन के रूप में हुई है। अजीत करौली का रहने वाला है, जबकि अन्य तीन फलैदा के निवासी हैं। आरोपियों ने पहले पीड़ित से गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने टूटी बीयर की बोतल, चाकू और लोहे के पंच से हमला कर दिया।

पीड़ित को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी हमले के बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मंगलवार दोपहर को पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित मूल रूप से हापुड़ के समाना गांव का रहने वाला है और वर्तमान में करौली बांगर गांव में रह रहा है।

### बाइक सवार को रास्ते में रोक कर पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गाड़ी सवार तीन लोगों ने सूरजपुर से ड्यूटी कर बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोक कर मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है की गाड़ी में सवार तीन युवकों ने उसे बुरी तरह पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दादरी कोतवाली क्षेत्र के कैमराला गांव का रहने वाला लक्ष्य भाटी सूरजपुर स्थित कंपनी में नौकरी करता है। लक्ष्य ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की शाम कंपनी से ड्यूटी कर बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। रामगढ़ फाटक के समीप गाड़ी में सवार तीन लोगों ने उसे रोक लिया और बिना वजह उसके साथ मारपीट की।

# किसानों ने प्राधिकरण की टीम को खदेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसानों ने मंगलवार को यमुना प्राधिकरण की टीम को खदेड़ दिया। प्राधिकरण के कर्मचारी प्रस्तावित सेक्टर-10 में विकास कार्यों के लिए जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे। किसानों के विरोध के कारण कर्मचारियों को मशीनों के साथ वापस लौटना पड़ा। किसानों ने समस्याओं का समाधान किए बिना जमीन पर कब्जा करने का विरोध किया और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद गांव में पंचायत कर ऐलान किया कि जब तक आबादी निस्तारण समेत उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक एक इंच भी जमीन प्राधिकरण को कब्जाने नहीं दी जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित सेक्टर-10 के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

सेक्टर निर्माण के लिए अकाल. पुर, म्याना और मकसूदपुर गांव निवासी किसानों में मुआवजा वितरण किया जा रहा है। कई किसानों ने आपसी सहमति से प्राधिकरण को जमीन बेच दी है। वहीं, कुछ किसान ऐसे भी हैं, जो अधिग्रहण प्रक्रिया से नाखुश हैं। वे अधिग्रहण का विरोध कर आंदोलन कर रहे हैं। प्राधिकरण के कर्मचारी मंगलवार को जेसीबी मशीनों के साथ मकसूदपुर गांव में खरीदी गई जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। वहां आंदोलनरत किसानों को इसकी भनक लग गई।

किसानों ने मौके पर पहुंचकर मशीनों को रोक दिया और कार्रवाई का विरोध कर यमुना प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि जब तक तीनों गांवों की सभी समस्याओं पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं करने देंगे। किसानों के विरोध को देखते हुए कर्मचारी मशीनों के साथ लौट गए। इसके बस किसानों ने मकसूदपुर गांव में एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों ने प्राधिकरण पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक गांव में सभी किसानों को पूरी तरह से मुआवजा भी वितरित नहीं हुआ। इसके बावजूद जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। अभी आबादी का निपटारा और आपसी सहमति से ली गई जमीन के बदले मिलने वाले प्लॉट के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। किसानों ने कहा कि प्राधिकरण स्थानीय किसानों को उजाड़कर यहां पूंजीपतियों को बसाना चाहता है। किसानों ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर किसान कल्याण परिषद के सुधीर त्यागी, नरेंद्र प्रधान, सुबोध त्यागी, सुशील शर्मा, करतार सिंह, अनिल त्यागी, गिरीश कुमार, खूबी राम आदि उपस्थित रहे।

# चोरी गए वाहन के बरामद होने पर क्लेम न देना सही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चोरी हुआ वाहन पुलिस जांच में बरामद होने के बाद बीमा कंपनी के क्लेम नहीं देने के फैसले को जिला उपभोक्ता आयोग ने सही ठहराया। बीमित वाहन के क्लेम दिलाने के लिए दायर वाद को आयोग ने खारिज कर दिया। नोएडा के सेक्टर 49 निवासी विकास सिंह ने अपने सगे भाई के जीविकोपार्जन के लिए वाहन खरीदा। वाहन का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से कराया।

13 दिसंबर 2017 से 12 दिसंबर 2018 तक बीमा वैध था। 28 फरवरी 2018 को उसके भाई को नशीला पदार्थ खिलाकर कुछ लोग गाड़ी चोरी कर ले गए।

जीपीएस के आधार पर ताजगंज आगरा में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने गाड़ी को तलाश किया, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। उसकी अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में दायर की।


वाहन चोरी की सूचना बीमा कंपनी को भी दी गई। उनके द्वारा बीमा कंपनी से क्लेम के लिए दस्तावेज दायर किए। बीमा कंपनी ने सर्वेयर की रिपोर्ट पर क्लेम को खारिज कर दिया। क्लेम नहीं मिलने पर जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया गया। आयोग में सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखा कि 6 मार्च 2021 को आयोग के समक्ष पेश की गई सूचना गलत थी। तब तक पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन को बरामद कर लिया था।

# हॉस्टल के खाने में निकले कीड़े

**नोएडा।** नॉलेज पार्क में हास्टल संचालक छात्रों से लाखों रुपए की फीस वसूलते हैं। संचालकों के द्वारा विभिन्न सुविधाओं के साथ ही पौष्टिक भोजन भी देने का दावा किया जाता है। हास्टल में रहने वाले छात्रों को दिए गए खाने के टिफिन में कीड़े निकले। टिफिन में एक-दो नहीं कई कीड़े चल रहे थे। छात्रों ने घटना का वीडिघ्यो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। खाने की गुणवत्ध्ता व कैंटीन में साफ-सफाई पर सवाल उठाए हैं।

नॉलेज पार्क के विभिन्न कॉलेज व यूनिवर्सिटी में लाखों छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं। अधिकतर छात्र हास्टल में ही रहते हैं। इनके खाने की गुणवत्ता पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हास्टल व कॉलेजों की कैंटीन में दिए जाने वाले खाने में कीड़े निकलने का मामला लगातार सामने आता रहता है।

# 257 करोड़ खर्च के बावजूद नहीं सुधरी विद्युत व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार कर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति दिए जाने के लिए जिले को 257 करोड़ रुपये बजट का बूस्टर डोज दिया गया। इस बजट से विद्युत लाइनों में सुधार, उपकेंद्रों की क्षमता में बढ़ोतरी समेत अन्य काम कराने थे। बजट के करीब दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विद्युत निगम मरम्मत और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के काम को पूरा नहीं करा पाया है। इसका सीधा असर नोएडा जोन के उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है।

जिले में तेजी से आबादी बढ़ने के साथ सैकड़ों बहुमंजिला सोसाइटी खड़ी हो गई। औद्योगिक सेक्टर में भी निवेश बढ़ा है। इसके चलते बिजली की मांग में भी कई गुना इजाफा हुआ है। मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति भी नोएडा जोन को मिल रही है, लेकिन जर्जर हो चुके लाइन पर ओवर लोड करंट नहीं दौड़ पा रहा है। इसके चलते आए दिन फाल्ट और ट्रांसफार्मर फूंकने की समस्या भी आ रही है। कटौती की समस्या को देखते हुए विद्युत निगम ने 257 करोड़ रुपये बिजली ढांचे की क्षमता बढ़ाने पर खर्च कर दिए। इसमें 154 करोड़ रुपये रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस), 31 करोड़ बिजनेस प्लान व 72 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्र में सुधार के लिए मिले।

निगम अधिकारियों की तरफ से दावा किया जा रहा है कि इस बार बिजली की समस्या नहीं आएगी, लेकिन स्थिति हर बार की तरह जस की तस बनी हुई है। तेजी से वैश्विक शहर बनने की राह पर आगे बढ़ रहे गौतमबुद्धनगर में निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराने में विद्युत निगम का पूरा सिस्टम हांफने लगा है। अधिक गर्मी के कारण फीडर से लेकर वितरण ट्रांसफार्मर और उपकेंद्रों में फाल्ट हो रहे हैं। सोमवार को सेक्टर-49 नोएडा और जेवर क्षेत्र में तकरीबन पूरे दिन लोगों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

**विद्युत निगम का दावा हवाई:** आरडीएसएस के तकरीबन 70 प्रतिशत काम ही अभी तक पूरा हो सका है। इसके तहत कुल 190 फीडरों की मरम्मत के साथ एबी केबल, सड़े-गले पोल, जर्जर तार, कंडक्टर, सीटी समेत अन्य उपकरणों के मरम्मत के काम होने हैं। इसे दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो सका है। वहीं बिजनेस प्लान के तहत करीब 80 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा है, लेकिन जमीनी हकीकत इनसे कोसों दूर है। अधीक्षण अभियंता प्रथम विवेक पटेल का कहना है कि मरम्मत का काम अंतिम चरण में चल रहा है।

1800 **मेगावाट के आसपास है डिमांड:** जिले में बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है। मौजूदा समय में 1800 मेगावाट तक बिजली की मांग पहुंच चुकी है। औसत मांग 1300 मेगावाट तक रहती है। अगर गर्मी का यही स्तर बना रहा तो आने वाले दिनों में बिजली की समस्या और ज्यादा बढ़ सकती है।

# कानून-व्यवस्था पर अपर पुलिस आयुक्त से चर्चा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) और एनईए ने पदाधिकारियों ने मंगलवार को सेक्टर-108 स्थित कार्यालय में अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान नोएडा शहर की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र के आने से सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई। इसके साथ ही उद्यमियों के साथ जल्द बैठक करने की मांग की। इस पर अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र ने जल्द सभी उद्यमियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर महासचिव वीके सेठ, राकेश कोहली, सुधीर श्रीवास्तव, राहुल नैय्यर और एचके गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वहीं, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि गुड इवनिंग कार्यक्रम को पुनः शुरू किया जाए। इसके तहत स्थानीय आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और निवासियों की पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित हों, जिससे संवाद और सहयोग बढ़े। फोनरवा महासचिव केके जैन ने बताया कि ऐसे संवाद कार्यक्रमों से आपसी समन्वय मजबूत हुआ है। इसका सीधा असर क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सकारात्मक रूप में देखने को मिला है। इस पर अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा ने आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग जल्द ही आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों की बैठकें आयोजित की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विजय कुमार राय को मीडियाकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

- नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में मंगलवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ,गौरतलब है की नोएडा मीडिया क्लब के सम्मानित सदस्य और राष्ट्रिय सहारा के समूह सम्पादक डॉ विजय कुमार राय जी का गंभीर बीमारी के चलते बीते 4 मई को देहावसान हो गया था, स्वर्गीय डॉ विजय कुमार राय जी की याद में क्लब के सदस्यों और अन्य मीडिया संस्थान द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा के जरिये उन्हें याद किया गया और मृत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की गयी। सभा के दौरान नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष श्री आलोक द्विवेदी जी ने स्वर्गीय डॉ विजय कुमार राय को याद करते हुए कहा की उनका जीवन अपने आप में एक आदर्श है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले डॉ विजय कुमार राय की प्राथमिक शिक्षा गोरखपुर और आजमगढ़ से हुई वहीँ स्नातक की पढ़ाई उन्होंने कुशीनगर से की साथ ही बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से उन्होंने समाजशास्त्र और पत्रकारिता की शिक्षा के बाद उन्होंने पीएचडी की डिग्री हासिल की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने कई वर्ष शिक्षक के रूप में भी अपना योगदान किया।

**भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के राकेश टिकैत ने भी दी श्रद्धांजलि:** नोएडा मीडिया क्लब में हुए श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय डॉ विजय कुमार राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान विनोद शर्मा, सुरेश चौधरी, अमित चौधरी, जेपी सिंह,दानिश अजीज, अश्वनी कुमार, दिनेश शर्मा,जगदीश शर्मा, पवन राज, दिनेश सिंह, देव गुर्जर,धीरेन्द्र अवाना, संतोष सिंह, अरुण सिन्हा, मनोहर त्यागी, मनोज वत्स, संगीता चौधरी, सुनैना, राज. कुमार चौधरी, संदीप कुमार,वरुण श्रीवास्तव, बलवीर, सुनील अवाना, निशांत शर्मा, प्रवेश चौधरी, देवेंद्र प्रभात, वीरेंद्र मलिक, आरबी यादव, मुकेश गुप्ता, अनुराग सिंह, निषेश जैन, राजीव मंडल, विनायक गुप्ता आदि मीडियाकर्मी और किसान नेता पवन खटाना समेत कई किसान नेता भी मौजूद रहे।

# लिफ्ट बंद होने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 143 स्थित सोसाइटी में लिफ्ट बंद होने पर तीन लोगों ने सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसको बचाने आए दूसरे सुरक्षाकर्मी से भी गाली-गलौज की। सुरक्षाकर्मी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुरक्षाकर्मी दिनेश ने पुलिस को बताया कि सोसाइटी के एक टावर में सोमवार की शाम बिजली गुल होने पर 16वीं मंजिल पर लिफ्ट अटक गई थी। लिफ्ट में तीन लोग अंदर फंसे थे। लिफ्ट अटकने की सूचना पर एक सुरक्षाकर्मी हेमप्रताप सीढ़ियों के रास्ते 16वीं मंजिल पर पहुंचा। इसी बीच लाइट आने पर लिफ्ट चालू हो गई।

आरोप है कि लिफ्ट में फंसे तीनों लोग बाहर निकले और सुरक्षाकर्मी हेमप्रताप के साथ मारपीट की। दिनेश ने बीचबचाव किया तो उसके साथ भी गाली-गलौज की गई। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूल, भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** शासन के कड़े निर्देश के बाद भी तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव में बगैर मान्यता के विद्यालय धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों पर प्रतिबंध लगाने के लिए विभाग ने बीते वर्ष नकेल कसते हुए नोटिस जारी किए थे, लेकिन विभागीय कर्मचारियों की सांठ-गांठ के चलते कोई नतीजा नहीं निकल पाया।

लंबे चौड़े साइन बोर्ड लगाकर बेधड़क निजी विद्यालयों का संच. ालन हो रहा। ऐसे स्कूल बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है, कुछ स्कूलों को यदि पांचवीं की मान्यता है भी तो इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित की जा रहीं। हालत यह कि प्रत्येक वर्ष खुल रहे स्कूलों पर विभाग का अंकुश नहीं है। आरोप कि विभाग जानबूझकर बेखबर बना हुआ है। शासन की ओर से जब भी बगैर मान्यता के संचालित विद्यालयों पर कार्रवाई का निर्देश दिया जाता है, तब विभाग नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर लेता है। तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव में अभी भी विद्यालय बगैर मान्यता के संचालित हो रहे हैं। खास बात यह कि प्राइमरी व जूनियर तक की मान्यता लेकर इंटर तक की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। बिना मान्यता वाले स्कूलों के पास पर्याप्त संसाधन तो नहीं है, लेकिन फिर भी मनमानी फीस अभिभावकों से वसूली जा रही है। ऐसे स्कूलों पर रोक लगाने के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम में प्रावधान किया गया है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर विभाग मौन साधा है। क्षेत्र के कई गांवों में बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन होने से यहां के परिषदीय विद्यालय की छात्र संख्या घट गई। पंजीकृत छात्रों में आधे से भी कम बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं।



# तेज रफ्तार दो कैंटरों की भिड़ंत में चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 रसूलपुर के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां सोमवार की देर रात मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रहे कैंटर ने पीछे से दूसरे कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में एक कैंटर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान मुरादाबाद निवासी कैंटर चालक जासीम की मौत हो गई। जबकि दूसरे चालक का उपचार जारी है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि मृतक केंटर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।



# 25 हज़ार के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नेथानी के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान जनपद बरेली से 25 हज़ार रुपये के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान जनपद बरेली के थाना बारादरी से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 25 हज़ार रुपये के इनामी बदमाश अभिषेक पुत्र नरेश निवासी सैनिक कालोनी गली नं. 4 थाना इज्जतनगर जिला बरेली को थाना क्षेत्र के चमरी फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार किए गए बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि बदमाश की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# शराब ठेका से शराब की बोतल व नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर वास्का स्थित एक शराब की दुकान से नकटी वह शराब की बोतल चोरी हो गई। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दीपक चौहान पुत्र कृपाल सिंह की थाना कपूरपुर क्षेत्र में शराब की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार रात दुकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और 18 बोतल शराब, एक डीवीआर और करीब 6000 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी की गई शराब में 1 बोतल ब्लैक, 11 बोतल गोल्फर शॉट, 1 बोतल रॉकफोर्ड, 6 बोतल गोल्डन शॉट शामिल हैं। दुकान पर लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी चोर साथ ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अखिलेश ने बताया तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



# राशन की कालाबाजारी के खिलाफ विभाग की कार्रवाई, दुकान सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मस्जिदपुरा में राशन की कालाबाजारी करने वाले राशन डीलर के खिलाफ जिला पूर्ति विभाग ने कार्रवाई करते हुए राशन की दुकान को सील कर दिया है जबकि संबंधित राशन डीलर को नोटिस जारी किया गया है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें सरकारी राशन को ई-रिक्शा में लादकर लें जाया जा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी डा. सीमा बालियान ने मामले में जांच के आदेश दिए। जिसके बाद जिला पूर्ति विभाग की टीम ने राशन की दुकान पर छापेमार कार्यवाही की। टीम ने छापेमारी के दौरान राशन की दुकान पर पांच कुंतल राशन अधिक पाया। जिसके बाद जिला पूर्ति विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए राशन की दुकान को सील कर दिया जबकि संबंधित राशन डीलर के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जिला पूर्ति विभाग किस कार्यवाही से राशन डीलरों में हड़कंप मचा हुआ है।




# चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों के कब्जे से दो अवैध चाकू भी बरामद किए है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान तीन वाहन चोरों को डीपीएस पब्लिक स्कूल के पास प्रीत विहार से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से जनपद गाजियाबाद से चोरी की गई दो मोटरसाइकिल व दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। वाहन चोरों की पहचान हर्ष उर्फ चीकू पुत्र सोनू, यश पुत्र रिंकू और प्रथम पुत्र फूला निवासी मौहल्ला अतरपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है।




## एक नजर

### जमीन खरीदने के मामले में 5 लाख हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली कस्बा निवासी करम इलाही ने चार लोगों को पांच लाख रुपए दिए थे ऊक्त लोगों ने न तो आबादी की ज़मीन दी और पीड़ित के साथ चारसौबीसी कर पांच लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने चारो लोगों के खिलाफ न्यायालय द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई।

कस्बा निवासी करम इलाही ने न्यायालय द्वारा शमशीर, इरफान व जुबैर और उम्मीद के खिलाफ चारसौबीसी कर उसके उसके पांच लाख की बेमानी करने केस दर्ज कराया। एसओ सुमित तोमर का कहना है कि न्यायालय दके आदेशानुसार शमशीर, इरफान व जुबैर और उम्मीद के खिलाफ चारसौबीसी का केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर अग्रिम करवाई की जाएगी।

### हजारों परिवारों को झेलना पड़ा गर्मी का प्रकोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** तीन दिन के भीतर दूसरी बार बिजली सप्लाई बाधित होने से हजारों परिवारों को गर्मी के साथ ही पेयजल किल्लत से भी जूझना पड़ा।

गर्मी के तेवर तल्ख होते ही बिजली की बेरुखी ने लोगों का चैन सुकून उड़ाना शुरू कर दिया है। पौराणिक गढ़ तीर्थनगरी में आने वाले गंगा भक्तों को भी बिजली कटौती की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन के भीतर दूसरी बार मंगलवार की सुबह ग्यारह से लेकर शाम चार बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रही, जिससे इस अवधि में गर्मी का प्रकोप झेलने के साथ ही पानी की किल्लत का सामना भी करना पड़ा। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर ऊर्जा निगम ने अपना ढर्रा नहीं सुधारा तो जल्द ही आंदोलन किया जाएगा। एक्सईएन अनुज जायसवाल का कहना है कि नेशनल हाईवे किनारे नया फीडर बनाए जाने का कार्य चलने के कारण सप्लाई बाधित रही है, जिसको लेकर उपभोक्ताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

### कई दिनों बाद बैंक खुलने पर उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** तीन दिन बाद बैंक खुलने के बाद भी पैसे का लेनदेन करने आए उपभोक्ताओं को घंटों तक खूब दिक्कत झेलने को मजबूर होना पड़ा।

तीन दिनों की छुट्टी बीतने के बाद मंगलवार को बैंक खुले, परंतु पहले ही दिन पैसों के लेनदेन को लेकर पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं को खूब दिक्कत झेलने को मजबूर होना पड़ा। गढ़ चौपला स्थित केनरा बैंक शाखा में दोपहर बारह बजे तक कर्मचारियों की सीट खाली पड़ी रहीं, जिससे पैसों के लेनदेन के साथ ही अन्य जरूरी कामकाज से आए उपभोक्ता घंटों तक इधर उधर धक्के खाते रहे। उपभोक्ताओं ने कार्य पूरी तरह सुचारू कराए जाने की मांग करते हुए संबंधित बैंक शाखाओं के मुख्यालय को पत्र भेजे हैं।

# विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में मारी बाजी मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कक्षा 10वीं के टॉपर के छात्र भूमिका सुहेरा - 95.8% प्रथम स्थान, आदित्य मित्तल - 95.6% द्वितीय स्थान, नैतिक गोयल - 95.4% तृतीय स्थान अन्य उत्कृष्ट छात्र ,आदित्य गर्ग - 95%, अमोघ महेश्वरी - 94.4%, कार्तिक कश्यप - 94.2% श्रेयांश शर्मा - 93%, मानव चतुर्वेदी - 91.8%, गर्व तेवतिया - 91.6%अमित पांडे - 90.2%, राघव गुप्ता - 90%, कोयल शर्मा - 89.4% प्रताप शर्मा - 88.8%, अथर्व दक्ष - 88.4% शाद अंसारी - 88.4% विद्यालय के प्रबंधक जनार्दन गुप्ता, निदेशक नदीश गुप्ता और प्रधानाचार्य नरेशपाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।






# सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवक को फंसाया, मांगी जा रही रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करते हुए शादी का दबाव बनाकर भोले भाले युवकों से रकम ऐंठने वाले गिरोह की धमकी से भयभीत युवक के पिता ने पुलिस में गुहार लगाई।

फेसबुक, इंस्टाग्राम, उल्लू एप्प, मौज एप्प, फेसबुक, मैसेंजर समेत सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफार्म पर खूबसूरत युवतियों के फोटो अपलोड करते हुए भोले भाले युवकों को झांसे में फंसाकर आर्थिक और मानसिक शोषण करने वाला गिरोह बड़ी तेजी के साथ सक्रिय हो रहा है। प्यार भरी बातों में उलझाकर पहले नजदीकियां बढ़ाई जाती हैं, जिसके बाद शादी का दबाव बनाकर पैसे की खुली डिमांड कर दी जाती है। ऐसा ही एक ही एक मामला सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में सामने आया है। इदरीस खां ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि उसका बेटा शोएब नोएडा की एक मोबाइल कंपनी में कार्य करता है। कुछ सप्ताह पहले उसके मोबाइल पर एक युवती का फोन आया था, जिसके बाद इंस्टाग्राम पर दोनों के बीच बातचीत शुरू होने पर दोस्ती हो गई। कुछ दिन बाद ही युवती ने शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया, परंतु उसके बेटे द्वारा साफ इंकार किया तो युवती भडक् गई। जो अलग अलग नंबरों से कॉल करते हुए डराने धमकाने के साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाकरजेल भिजवाने की धमकी देते हुए अब पचास हजार रुपये की डिमांड कर रही है। बता दें कि सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को अपने जाल में फंसाकर ब्लैक मेलिंग और वसूली करने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, परंतु इसके बाद भी कई युवक सब कुछ जानते हुए धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। एसओ सुमित तोमर का कहना है कि तहरीर पर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने दुष्कर्म की घटना में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने युवती से दुष्कर्म की घटना में फरार चल रहे आरोपी मोहित कुमार पुत्र बिजेन्द्र कुमार निवासी न्यू पन्नापुरी थाना हापुड देहात जिला हापुड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर पोल खोल अभियान चलाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** केंद्र और प्रदेश सरकार सभी मोर्चों पर विफल होने के साथ ही अपराध और भ्रष्टाचार में बढ़ोतरी होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने घर घर जाकर पोल खोल अभियान चलाने का संकल्प लिया।

गढ़ के एतिहासिक मीरा रेती क्षेत्र में मंगलवार को कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ नेता डा.फहीम और संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जिलाध्यक्ष राकेश कुमार त्यागी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह किल साबित हो रही हैं, जिसके चलते अपराध और भ्रष्टाचार में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए भाजपा की जन विरोधी नीतियों को गिनाएंगे। आदर्श गंगा तीर्थ पुरोहित सभा के अध्यक्ष पंडित राजकुमार लालू ने जिलाध्यक्ष को गंगाजली भेंट की। युवा जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मंसबी, त्रिनेत्र गोयल, शहजाद आलम, भरत लाला शर्मा, प्रधान अमरपाल शर्मा, गुलकाम कुरैशी, साजिद फौजी, हाजी फजल, निजामुद्दीन, फरियाद, इश्त्याक, महेश मिश्रा, मास्टर अहमद अली, डा.अंसार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## आवश्यता है


शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़
मो. 9897823485, 9927631162
जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# सिटी वोकेशनल के करन पिलानिया बने नेशनल टॉपर

## सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 में 99.80 प्रतिशत अंक हासिल कर लहराया परचम, स्कूल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम आते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बारहवीं कक्षा में विज्ञान वर्ग से करन पिलानिया ने 500 में से 499 अंक अर्जित कर नेशनल टॉपर बनकर नया कीर्तिमान हालि किया। विज्ञान वर्ग से शिवांश तोमर और नंदिनी शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही माही ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग से सानवी साहनी ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, वंशिका ने 90.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मानविकी वर्ग से अंशिका ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छवि ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा निमिषा ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही अन्य बहुत से विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा से आयुष बालियन 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, विंशी सिंह 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अभिमनु 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल, चेयरपर्सन डॉ. सरोजनी अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह, इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल, सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### बीएसएफ जवान के बेटे करन ने बढ़ाया गौरव


करन को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा दिया है। स्कूल के होनहार छात्र करन पिलानिया ने सीबीएसई की बार. हवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 2025 में पीसीएम वर्ग में 500 में से 499 अंक अर्जित कर न सिर्फ स्कूल टॉपर बल्कि नेशनल टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया है। करन ने जेईई मेन 2025 में भी 99.85 परसेंटाइल हासिल कर मेरठ टॉपर बनकर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर मेधा और मेहनत का अद्‌भुत परिचय दिया है। जेईई एडवांस्ड में भी हम करन से इसी तरह के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। करन की यह दोहरी सफलता न केवल स्कूल, न जिला, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। ढोल-नगाड़ों के साथ करन और उसके माता-पिता का स्वागत करते हुए पूरे स्कूल में जश्न का माहौल रहा। करने बताया कि उनके पिताजी बीएसएफ आर्मी में जवान हैं और वह आईआईटी में दाखिला लेने की तैयारी कर रहे हैं और देश के लिए एक सफल इंजीनियर बनने का सपना संजोए हुए हैं।


सिटी वोकेशनल में करन पिलानिया के नेशनल टॉपर बनने पर ढोल पर नाचतीं स्कूल संचालक सरोजनी व हिमानी अग्रवाल।



रिजल्ट आने की खुशी में झूमते एमपीएस के छात्र-छात्राएं।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 व कक्षा 10 का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 व कक्षा 10 का सत्र 2024-25 का सीबीएसई परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में कुल 229 में से 220 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, 129 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 12 में प्रथम स्थान चौल्सी तालियान 96.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विधि चौहान 96.2 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अंकुर सागर 96.0 प्रतिशत व अंजली गुप्ता ने 96.0 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। कक्षा 10 में कुल 221 में से 183 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की तथा 104 बच्चों ने 75.0 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 में प्रथम स्थान युगल तौमर 98.2 प्रतिशत ने, द्वितीय स्थान अंशिका वर्मा 97.6 प्रतिशत ने एवं तृतीय स्थान सिमरन सोम ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी एवं प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी विद्यार्थियों एंव शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षाफल आने पर बधाई दी एंव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# उत्तम पब्लिक स्कूल रहावती कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** उत्तम पब्लिक स्कूल रहावती ने एक बार फिर अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा घोषित परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हर साल की तरह इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के मैनेजमेंट की ओर से सीएस चौधरी एवं बादल कुमार ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ममता चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर एवं शील्ड देकर उन्हें सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दी। कक्षा 10वीं के टॉपर्स इस प्रकार हैं यश कुमार 94.2 अंत तक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रुद्र चौधरी 90.2 हम प्राप्त कर द्वितीय स्थान, आर्य प्रताप सिंह 89.8 अंक प्राप्त तृतीय स्थान, नैतिक नलवा 88.8 प्रतिशत अंक पाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार समस्त विद्यार्थियों को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विद्यालय में पूजा गुप्ता, हिमांशु सिंघल, रवि सहगल, अरिहंत जैन, रवि राणा, अरविंद कुमार, नौशाबा परवीन, सचिन चौधरी, पूनम शर्मा, नीलम, रेखा, सुमित शर्मा, निधि भड़ाना, सोहनवीर सिंह, योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।





# सीबीएसई 10वीं व 12वीं के रिजल्ट में फिर दिखा सेंट जॉन्स के विद्यार्थियों का दबदबा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते वर्षों की तरह एक बार फिर सीबीएसई 12वीं और 10वीं कक्षा का रिजल्ट 13 मई को घोषित हुआ और इस रिजल्ट के घोषित होने के बाद एक बार सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सफलता की गाथा को फिर से दो. हराया। स्कूल के रिजल्ट में एक बार फिर जहां अपना दबदबा कायम किया। वहीं सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. शिमोना जैन ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ शिक्षकगणों को भी इस सफलता का भागीदार बताया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि जिस तरह हर वर्ष स्कूल का रिजल्ट मेरठ के शिक्षा क्षेत्र में ऊंचा रहता है यह बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा के रिजल्ट ने केवल स्कूल की सफलता को नहीं दर्शाया बल्कि स्कूल प्रबंधन यहां के टीचर और यहां के पढ़ाने के कल्चर को भी दर्शाया है। उन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सफलता प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राएं स्कूल के अंदर झूमते हुए दिखाई दिए। सभी की खुशी उनके अलग अंदाज में झलक रही थी। कई छात्र-छात्राओं के पेरेंट्स भी स्कूल के पास नजर आए जिन्होंने बच्चों की सफलता पर उन्हें मुबारकबाद दी।




# रिजल्ट घोषित होते ही खुशी से झूमे ऋषभ एकेडमी के छात्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी के कक्षा 10 में 12 के छात्रों का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम को जानने के लिए समस्त अध्यापकों व विद्यार्थियों में उत्सुकता बनी रही। विद्यालय में परीक्षा परिणाम जानने के लिए समस्त विद्यार्थी एकत्र हुए। अपना परीक्षा परिणाम देखकर सभी के मन में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। विद्यालय के समस्त अध्यापकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत रंग लाई। कक्षा 12 में विज्ञान वर्ग में हिमानी सैनी 98.2 प्रतिशत प्रथम, भानु राजपूत 96.2 प्रतिशत द्वितीय व आंचल गर्ग 94.6 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य वर्ग में अनुराग मित्तल 95.4 प्रतिशत प्रथम, रिहान मल्लिक 94.8 प्रतिशत द्वितीय व महिमा सोनकर और हर्षिता स्वामी 93.6 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कला वर्ग में जेबा खानम 89.6 प्रतिशत प्रथम, प्राची सूद 88.6 प्रतिश द्वितीय व तनु कश्यप 87.8 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। वही कक्षा 10 में अदिति पंत 95 प्रतिशत प्रथम, आयुष जैन 94.8 प्रतिशत द्वितीय व हर्षिता रावत 94 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा तथा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, उप प्रधानाचार्य पवन कपूर व समस्त अध्यापकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 23 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी जिला सैनिक बंधु की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (अ. प्रा.) राकेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बंधु की मई 2025 की मासिक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 मई को कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने जनपद मेरठ के पूर्व सैनिकों/शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों को सूचित करते हुये बताया कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 18 मई तक अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय की मेल पर या कार्यालय में हस्तगत करा दें। 23 मई को कार्यालय में पब्लिक डिलिंग नहीं की जायेगी, केवल बैठक से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्र पर ही विचार किया जायेगा।


रिजल्ट आने पर खुशी का इजहार करतीं एमपीजीएस की छात्राएं।

# सीबीएसई परीक्षा परिणाम देखकर डीपीएम के छात्र- छात्राओं के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सही कहा गया है सच्ची कोशिश कभी व्यर्थ नहीं जाती और मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस कथन को आज डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बहसूमा के मेधावी छात्र-छात्राओं ने पूरी तरह से सच कर दिखाया है। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में डीपीएम विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99 प्रतिशत सफलता अर्जित की है। साइंस ग्रुप मे प्रथम स्थान तस्मिया कुरैशी 93.80, द्वितीय स्थान तैय्यब मन्नत सुभान 92.20 और तृतीय स्थान अपेक्षा बंसला एवं तन्वी चौधरी दोनों ने 89.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स ग्रुप मे प्रथम स्थान प्रिंस चौधरी 89.60, द्वितीय स्थान तनुष्का सिरोही 88.40 और तृतीय स्थान भारती रानी 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वीं के परिणामों में विद्यालय ने 100 प्रतिशत सफलता के साथ सभी छात्रों का मनोबल ऊँचा किया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रथम स्थान आयुषी सिंह 98 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान, गुंजन 97.60 और तृतीय स्थान शगुन चौधरी 93 अंक प्राप्त किये। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने परीक्षा परिणामों की घोषणा करते हुए सभी विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश की विषम परिस्थितियों में भी डीपीएम विद्यालय के विद्यार्थी हर वर्ष की तरह इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया हैं। उन्होंने सभी को मिठाई वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने कहा कि यदि देहात क्षेत्र के विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन एवं संसाधन प्राप्त हों, तो वे किसी भी स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।




### डी मोंटफोर्ड एकेडमी का रिजल्ट भी रहा शत प्रतिशत



वहीं दूसरी और डीमोंटफोर्ट एकेडमी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम की घोषणा करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर समीर वर्मा ने बताया कि डीमोंटफोर्ट एकेडमी रामराज का कक्षा 12वीं का 100 प्रतिशत बोर्ड परिणाम घोषित हुआ। कक्षा 12वीं की परीक्षा में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। जिनमें कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रा गीत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शालिनी शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि अक्षांत सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।बतादे कि डीमोंटफोर्ट एकेडमी विगत लगातार 6 वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष विद्यार्थी न केवल उत्तीर्ण हो रहे हैं, बल्कि उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उप प्रधानाचार्य नीना पांडे, केके शर्मा कामिल अली आदि ने छात्र-छात्राओं को उनके जल भविष्य की कामना की।


### किसान की ट्यूबवेल से सामान चोरी


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मंगलवार रात थाना क्षेत्र के ग्राम ललियाना के जंगल में स्थित किसान की ट्यूबवेल से अज्ञात चोर ताला तोड़कर सामान चुरा ले गए, किसान महबूब अली पुत्र महफूज अली ने मामले की तहरीर देते हुए बताया कि जड़ौदा-ललियाना संपर्क मार्ग पर जंगल में राजकीय इंटर कॉलेज के बराबर में उसकी नलकूप है । बीती मंगलवार की रात वह अपने खेत में नलकूप चलाकर घर आ गया था सुबह जब नलकूप पर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और उसके अंदर से स्टार्टर, ऑपरेटर, बिजली का केबल, कटाउट आदि कई सामान गायब मिले, जिनको अज्ञात चोर चोरी करके ले गए, पीड़ित ने तहरीर देते हुए मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। उधर ग्रामीणों ने बताया कि बीते एक सप्ताह में चोरों ने जंगल में कई नलकूपों से इसी तरह घटना को अंजाम देते हुए सामान चुरा लिया है। चोरों के हौसले बुलंद हैं। थाना प्रभारी बृजेश कुमार पांडे का कहना है कि इस संबंध में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# शत प्रतिशत रहा जीटीबी स्कूल का परीक्षा परिणाम






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 व 12 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी। क्योंकि हर साल की तरह इस साल भी छात्रों का शानदार प्रदर्शन ने स्कूल का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राएं अपने शिक्षक व शिक्षिकाओं का आशीर्वाद लेने के लिए स्कूल पहुंचे। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र सिंह ने सभी बच्चों का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अहमदाबाद में हो सकता है IPL फाइनल




## 17 मई से टूर्नामेंट, पाक से तनाव के कारण 8 दिन के लिए रोके थे मैच

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा जा सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 3 जून को खेला जाना है।

एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेडयूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेआफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेआफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है। बोर्ड शेडयूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गति. विधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे। पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुक. ाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेआफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेआफ मैच खेले जाने थे। धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच रोका गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 7 मई तक 57 मैच हो चुके थे, 8 मई को 58वां मैच बीच में रोकना पड़ा था। यानी अब 17 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 13 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्लेआफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें एलिमिनेट हो चुकी हैं। बाकी टीमें अभी प्लेआफ की रेस में बरकरार हैं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कुछ प्लेयर्स वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को ध्यान में रखते हुए भारत आने से मना कर सकते हैं। आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल मई की विंडो उपलब्ध होती है।



**कोहली के जल्दबाजी में संन्यास पर उठ रहे सवाल**

# 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में तीसरे टॉपर बन जाते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फार्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकार्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में को. हली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फार्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फार्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं। कोहली के खराब फार्म में कोरोना के बाद की बालिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं को. हली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट आफ फार्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया। गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकार्ड्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए। गंभीर की एंट्री के बाद बीसीसीआई ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया। गौतम गंभीर की कोचिंग में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट ने टेस्ट से संन्यास लिया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली श्रृंखला के लिए टीम की घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए हैरी ब्रूक को टीम का कप्तान बनाया है। 29 मई से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के तहत दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 खेले जायेंगे। लियाम डॉसन की सितंबर 2022 के बाद पहली बार टी-20 प्रारुप में लौटे हैं। इसकी के साथ फिल साल्ट और ल्यूक वुड की भी टी-20 टीम में वापसी हुई है जबकि विल जैक्स दोनों टीमों में खेलेंगे।

**एकदिवसीय टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, जो रूट और जेमी स्मिथ।

**टी-20 टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट और ल्यूक वुड।

# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं



**विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट, भविष्य में भी नहीं दिखता कोई दावेदार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डान ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड। विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है। विराट अब सिर्फ वनडे पर निर्भर पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फार्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं। विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई आस-पास नहीं फैब-4 में शामिल बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन के महा रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं है। जो रूट 53, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन 48-48 शतक ही बना सके हैं। इनमें से किसी का 100 शतकों तक पहुंच पाना मुश्किल है। फैब-4 के अलावा, रोहि. हत शर्मा 49 शतक बना चुके हैं। रोहित भी टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में उनका भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड तब पहुंच पाना मुश्किल है। फ्यूचर में और कम होंगे वनडे और टेस्ट तेंदुलकर के महाशतकों का रिकॉर्ड टूटने की संभावना कम है। वनडे और टेस्ट मैचों की संख्या लगातार कम हो रही है।




**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए**

# द. अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ने टीम घोषित की

**द. अफ्रीका ने टीम की कमान तेम्बा बावुमा को सौंपी, एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी होगी मजबूत**

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी।

द. अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई। डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन। टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है। कॉनराड ने कहा कि सबसे पहले, मैं इस टीम के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। इस समूह के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लेना एक विशेष क्षण है। पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**ऑस्ट्रेलिया** ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

**जोश हेजलवुड और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया**

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई हैं। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्युटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

**लड़कों की 30 किमी. की रोमांचक रेस में राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप किया**

**पटना, वार्ता।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रॉयल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए,

जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49-291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15-142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37-2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40-233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21:245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उनके साथी महादेव सारन ने 40 मिनट 49:486 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.9 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक भी राजस्थान के ही महावीर सारन के नाम रहा, जिन्होंने 41 मिनट 43.480 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.1 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी की।

## अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10% जुर्माना



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

# बीसीबी ने शॉन टेट को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया



**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट को अपनी टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

शॉन टैट का अनुबंध नवम्बर 2027 तक होगा। वह आंद्रे एडम्स का स्थान लेंगे। टैट इस महीने के आखिरी में टीम के साथ शामिल होंगे। टैट ने एक दशक तक चले अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में 59 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 95 विकेट लिए है। वह वर्ष 2007 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। एडम गिलक्रिस्ट के शानदार शतक ने ऑस्ट्रेलिया को 2007 विश्व कप फाइनल में श्रीलंका पर जीत दिलाने में मदद की। अपनी नियुक्ति पर टैट ने मुख्य कोच फिल सिमंस के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी बंगलादेश क्रिकेट टीम के साथ जुड़ना अच्छा समय है। यह एक नए युग की तरह है। बांग्लादेश की हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला बराबर रही थी और उसे अभी संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी खेलना है।

## माइक हेसन पाक के वनडे और टी-20 कोच बने

### आईपीएल में बेंगलुरु के कोच रह चुके, आकिब जावेद हाई- परफारमेंस डायरेक्टर बने



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बाल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कान्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी। 50 साल के हेसन आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोचिंग दे रहे थे। इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल 2024 की विजेता थी। पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद को बोर्ड ने हाई-परफारमेंस डायरेक्टर बनाया है। जावेद पाकिस्तान सिलेक्टर्स टीम का अहम हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज होगी। 25 मई से शुरू होने वाली सीरीज का चैस्-रिशेडडूल होने की वजह से मैच की तारीख में बदलाव होगा। हेसन अकीब जावेद की जगह लेंगे, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में गैरी कर्स्टन के अचानक इस्तीफे के बाद अंतरिम व्हाइट-बाल कोच के रूप में काम किया था। पीसीबी ने कर्स्टन को अप्रैल 2024 में 2 साल के लिए कोच बनाया था। लेकिन 6 महीने के अंदर ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पीसीबी प्रेस रिलीज के जरिए नकवी ने कहा, मुझे न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कोच माइक हेसन को व्हाइट-बाल हेड कोच बनाते हुए खुशी हो रही है। माइक अपने साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव से शानदार ट्रैक रिकार्ड लेकर आ रहे हैं। टीम में आपका स्वागत है, माइक। टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

## तीसरे पक्ष की जगह नहीं

भारत-पाकिस्तान के बीच यूं तो सीजफायर हो गया और यह भी जायज है, लेकिन सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह का श्रेय ले रहे है वह बेहद अटपटा सा ही है। कभी वह कहते है कि भारत-पाकिस्तान को मनाने के लिए उन्होंने काफी गंभीर प्रयास किए और दोनों देशों के नेताओं की इस बात के लिए भी तारीफ करते है कि उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और विवेकपूर्ण सोच के चलते ही सीजफायर संभव हो पाया, लेकिन एक चीज जो उन्होंने कही वह बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं भारत-पाकिस्तान के साथ मिलकर यह देखने कि कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा अचानक कहा से आ गया। उनके इस बयान को लेकर भारत में तरह-तरह के सवाल उठना सवभाविक है जो उठ भी रहे है। क्योंकि भारत का स्टैंड कश्मीर को लेकर बिलकुल साफ रहा है और उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने बार-बार कहा है कि भारत-पाक के बीच किसी भी विवाद को सुलझाने में वह किसी भी तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के स्टैंड को जानते हुए भी अपनी टांग क्यूं फंसा रहे है। बात तो इस समय आतंकवाद पर होनी चाहिए थी, लेकिन ट्रम्प साहब कश्मीर को बीच में ले आए। जाहिर है यह अमेरिका की दौहरी नीति ही कही जाएगी। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति को सीजफायर का श्रेय देना ही चाहिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है दो देशों के बीच में सुलह कराना अच्छे कार्य ही माना जाएगा, लेकिन किसी अच्छे कार्य करने की आड़ में एक नए विवाद को जन्म देना यह कुटिल चालाकी ही कहा जाएगा। यहीं कारण है कि भारत ने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अमेरिका को भी साफ समझा दिया है कि वह कश्मीर विवाद में ना पड़े। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है और इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। साथ ही जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। क्योंकि उनकी नजर में यही मामला एक लम्बित मामला है और इसी पर विवाद बना हुआ है और कभी जब भी बात होगी तो वह पीओके पर ही होगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने माना कि 7 मई से 10 मई के बीच गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति को लेकर भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत होती रही, लेकिन इस बातचीत में कभी व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। जाहिर है कि जायसवाल ऐसा कह रहे थे तो वह डोनाल्ड ट्रम्प के 12 मई को दिए उस बयान का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेताओं से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि वह सीजफायर के लिए तैयार नहीं होते है तो अमेरिका उनके साथ व्यापार में मदद नहीं करेगा। मलतब साफ है कि व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों पर काम कर गई। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया।

## सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे, कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था, कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी, इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए, क्या सरकार अब पहलगाम हमले को लेकर एनआईए की जांच के बावजूद इसी तरह का एक स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण के जरिये विस्तृत आकलन कराएगी।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# घरेलू कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें





विनीत नारायण

**घरेलू कर्मचारियों की आर्थक स्थिति अक्सर कमजोर होती है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है, कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है**

भारत में घरेलू कर्मचारी, जिन्हें आमतौर पर नौकर, बाई, या हेल्पर के रूप में जाना जाता है, कई परिवारों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, ये कर्मचारी घरों की सफाई, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल, और अन्य आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालांकि, उनके साथ व्यवहार करने का तरीका अक्सर सामाजिक, आर्थिक, और नैतिक सवाल उठाता है। आज के माहौल में ज़रूरत इस बात की है कि घरेलू कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक, निष्पक्ष, और संवे. दनशील व्यवहार कैसे किया जाए ताकि एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण बनाया जा सके।

घरेलू कर्मचारी भी, भले ही उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति अलग हो, सम्मान के हकदार होते हैं। भारत में, जहां सामाजिक वर्ग-भेद अभी भी प्रचलित है, यह महत्वपूर्ण है कि हम कर्मचारियों को केवल 'नौकर' के रूप में न देखें, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में समझें, जिनके पास अपनी भावनाएं, जरूरतें, और आकांक्षाएं हैं। कर्मचारी को 'बाई' या 'कामवाली' जैसे सामान्य शब्दों के बजाय उनके नाम से पुकारें तो यह एक छोटा-सा कदम उनके प्रति सम्मान दर्शाता है। कठोर शब्दों या आदेशात्मक लहजे से बचें। उनकी मेहनत को सराहें और धन्यवाद देना न भूलें। उनके व्यक्तिगत जीवन, परिवार या आर्थिक स्थिति के बारे में अनावश्यक सवाल न पूछें। अगर वे स्वयं कुछ साझा करना चाहें, तो सहानुभूति के साथ सुनें।

घरेलू कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अक्सर कमजोर होती है, और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए, उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अपने क्षेत्र के नियमों का पालन करें और बाजार दर के अनुसार वेतन दें। यदि संभव हो, तो समय-समय पर उनकी वेतन भी बढ़ाएं। कर्मचारियों को अनिश्चित समय तक काम करने के लिए मजबूर न करें। उनके साथ स्पष्ट रूप से कार्य का समय और जिम्मेदारियां तय करें। उन्हें साप्ताहिक अवकाश, त्योहारों पर छुट्टी, और आपातकालीन स्थिति में अवकाश देने का प्रावधान करें। बीमारी या पारिवारिक जरूरतों के लिए भी लचीलापन दिखाएं। घरेलू कर्मचारी आपके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और आराम का ध्यान रखना आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि आपके घर में कोई खतरनाक उपकरण या रसायन कर्मचारी की पहुंच में न हों। उन्हें उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दें। उन्हें पीने का साफ पानी, बैठने की उचित जगह और यदि वे लंबे समय तक काम करते हैं, तो भोजन भी उपलब्ध कराएं। गर्मियों में पंखे या कूलर और सर्दियों में गर्म कपड़े जैसी मौसमी सहायता देने पर भी विचार करें। यदि संभव हो, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा खर्चों में सहायता प्रदान करें। यह न केवल धर्मार्थ कार्य है, बल्कि ऐसा करने से आपके और उनके बीच सौहार्द भी बढ़ता है। घरेलू कर्मचारियों के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए खुला और स्पष्ट संवाद जरूरी है। यदि कर्मचारी अपनी समस्याएं या सुझाव साझा करना चाहें, तो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी राय को महत्व दें। कर्मचारियों पर अनावश्यक शक न करें। यदि कोई गलती हो, तो उसे शांतिपूर्वक और सम्मानपूर्वक संबोधित करें। कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार अच्छा है, लेकिन अत्यधिक व्यक्तिगत होने से बचें। स्पष्ट सीमाएं दोनों पक्षों के लिए सहजताबनाए रखती हैं।

भारत में घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर कानून धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। नियोक्ता के रूप में, आपको इन कानूनों का पालन करना चाहिए। घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और कार्यस्थल पर भेदभाव से मुक्ति जैसे अधिकार प्राप्त हैं। इनका उल्लंघन न करें। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को घरेलू कार्य के लिए नियुक्त करना अवैध है। यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी वयस्क हों। यदि संभव हो तो कर्मचारी के साथ एक साधारण लिखित अनुबंध बनाएं, जिसमें वेतन, कार्य घंटे, अवकाश और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। जिससे बाद में किसी भी तरह का विवाद न हो। घरेलू कर्मचारी भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फिर भी वे अक्सर उपेक्षित रहते हैं। नियोक्ता के रूप में आप उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। यदि आपके कर्मचारी या उनके बच्चे पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें स्कूल या प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने में मदद करें। उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने घर के छोटे-मोटे उत्सवों में शामिल करें, जैसे कि जन्मदिन या अन्य त्योहार। इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। यदि आप देखते हैं कि अन्य लोग घरेलू कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो इसका विरोध करें और जागरूकता फैलाएं।

कभी-कभी कर्मचारियों के साथ आपके बीच मतभेद या अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनका समाधान शांतिपूर्वक और समझदारी से करना चाहिए। यदि कर्मचारी कोई गलती करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाएं और सुधरने का अवसर दें। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारी शहरी जीवनशैली से अपरिचित हो सकते हैं। उन्हें धैर्यपूर्वक समझाएं और प्रशिक्षित करें। यदि कोई बड़ा विवाद हो, तो परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य या तटस्थ व्यक्ति की मदद लें। घरेलू कर्मचारियों के साथ व्यवहार केवल एक मालिक-कर्मचारी संबंध तक सीमित नहीं है। यह मानवता, करुणा, और सामा. जिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं गहरी हैं, घरेलू कर्मचारियों के प्रति हमारा व्यवहार समाज में बदलाव लाने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सम्मान, उचित पारिश्रमिक, सुरक्षा, और संवाद के माध्यम से, हम न केवल उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि अपने घरों में भी सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करें, जहां हर मेहनतकश व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले, जिसका वह हकदार है। आज से 50 वर्ष पूर्व हिंदी की एक प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका में लेख छपा था, 'चाकरी धर्म सबसे मुश्किल'। उसकी कुछ पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं। 'आपका सेवक अगर ज़ोर से बोले तो आप कहते हैं कि सिर पर क्यो चढ़ा आ रहा है? धीरे से बोले तो आप कहेंगे कि ज़ोर से क्यों नहीं बोलता? क्या मुंह में दहीं जमा है? अगर वो काम में फुर्ती दिखाए और समझदारी की बात करे तो आप कहते हैं कि ये बड़ा चलता पुर्जा है। अगर काम में सुस्ती दिखाए और कम समझदारी की बात करे तो आप उसे अपमानजनक उपमा देकर सबके सामने उसका मज़ाक उड़ाते हैं।' इसलिए कहते हैं कि सेवा का कार्य सबसे कठिन होता है।

# महामारी संधि के लिए एकजुटता, अमेरिका बाहर

स्रोत फीसर्च

**Covid-19 के दौरान वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई, संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है**

तीन साल की बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार एक ऐतिहासिक संधि पर सहमति जताई है, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा समर्थित नई वैश्विक संधि, कोविड-19 महामारी के दौरान हुई गलतियों से सीखकर, खासकर टीकों, दवाओं और सूचनाओं के आदान-प्रदान को बेहतर बनाने की कोशिश है। संधि का मुख्य उद्देश्य महामारी से निपटने के तरीकों को त्वरित और निष्पक्ष बनाना है एवं देशों को एकजुट करना है। गौरतलब है कि इस समझौते से एक महत्वपूर्ण पक्ष, यानी अमेरिका, गायब है। शुरुआती बातचीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, अमेरिका ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है। फिर भी, अधिकांश देशों ने लोगों की भलाई के लिए समझौता वार्ता को जारी रखा। संधि की कुछ मुख्य बातें यहां दी प्रस्तुत हैं।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

संधि की पहली सहमति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा देने से सम्बंधित है। कोविड-19 संकट के दौरान, अग्रिम पंक्ति के कई कार्यकर्ताओं (डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन वगैरह) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। संधि में इन अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने की बात की गई है ताकि उन्हें सही उपकरण, प्रशिक्षण और समर्थन मिल सके। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार पड़ते हैं तो पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जाती है।

### नए टीकों व दवाओं को मंजूरी

संधि देशों से आव्हान करती है कि नए टीकों और दवाओं के परीक्षण और मंजूरी प्रक्रिया को, सुरक्षा से समझौता किए बगैर, गति दें। इसका उद्देश्य वैश्विक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि जीवन रक्षक उपचार लोगों तक जल्दी पहुंच सकें। इसके लिए संधि में देशों को अपनी दवा नियामक प्रणालियां मज़बूत करने का सुझाव दिया गया है।

### छलकने को थामना

कई महामारियां, जैसे कोविड-19, तब शुरू हुई जब वायरस जीवों से मनुष्यों में पहुंचे। इसे (छलकना) 'स्पिलओवर कहा जाता है। संधि में ऐसे स्पिलओवर का खतरे कम करने के लिए अधिक निवेश का सुझाव है। इसमें जंतुओं में रोगों की निगरानी, वन्यजीव व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जीवित जंतुओं के बाज़ारों में स्वच्छता और निगरानी में सुधार शामिल है।

### त्वरित डैट साझेदारी

कोविड-19 के दौरान, वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई। संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है, ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक मिलकर उपचार विकसित कर सकें।

### पहुंच में समता

पिछली महामारी में, समृद्ध देशों ने ज़रूरत से ज्यादा टीके जमा कर लिए थे, जबकि गरीब देशों को बहुत लंबा इंतज़ार करना पड़ा था। अमीर हो या गरीब, संधि सभी देशों को टीका, उपचार और निदान का उचित हिस्सा, उचित समय पर देने की बात करती है। संधि में उत्पादकों को टीकों वगैरह का एक हिस्सा आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति हेतु दान करने या सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

इस संधि की मुख्य बात यह है कि यह कोविड-19 महामारी के अनुभव से जन्मी है। जिन देशों के पास टीका कारखाने थे, उनके पास टीकों की भरपूर खुराकें थीं, जबकि गरीब देशों को टीके मुश्किल से मिल रहे थे। यदि टीकों का समान वितरण होता तो लाखों संक्रमण और जानें बचाई जा सकती थीं। इसी समस्या के मद्देनज़र, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने दिसम्बर 2021 में एक वैश्विक संधि का मसौदा तैयार करना शुरू किया, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

संधि पर सहमति तक पहुंचना आसान नहीं था। वार्ता में सबसे मुश्किल मुद्दा समानता का था: यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जो गरीब देश खतरनाक वायरस की जानकारी साझा करें, उन्हें उस जानकारी के आधार पर विकसित टीकों और उपचारों तक भी समान पहुंच मिले। इससे एक नया सिस्टम बना-रोगजनकों तक पहुंच व लाभों की साझेदारी (च्ंजीवहमद ।बबमे ंदक ठमदमपिजें ंतपदह - चंठै)। इसे इस तरह समझेंरू अगर कोई देश नया वायरस खोजता है और उसे पूरी दुनिया वैज्ञानिकों के साथ साझा करता है तो उसे इसके खिलाफ विकसित टीकों व दवाइयों का एक उचित हिस्सा मिलना चाहिए। न सिर्फ टीके मिलना चाहिए बल्कि टीका तैयार करने की विधि भी मिलना चाहिए ताकि ऐसे देश खुद अपना टीका बना सकें। एक और प्रमुख बहस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बारे में थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अपनी खुद की दवाइयां और टीके बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है। कई निम्न-आय वाले देशों का मानना था कि उन्हें भविष्य में महामारी के दौरान समृद्ध देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, और उन्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।

लेकिन यह कैसे हो? प्रारंभिक मसौदों में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी 'आपसी सहमति से तय शर्तों' पर साझा की जाएगी। हालांकि, कुछ समृद्ध देशों ने इसमें 'स्वैच्छिक' शब्द जोड़ने की इच्छा जताई, जिसका मतलब था कि किसी भी देश को प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। गरीब देशों के लिए यह अस्वीकार्य था क्योंकि उन्हें डर था कि इससे संधि कमज़ोर हो जाएगी और भविष्य के लिए गलत मिसाल बनेगी। लंबी चर्चाओं के बाद, दोनों पक्षों ने 'आपसी सहमति से तय शर्तों' शब्द को बरकरार रखा और एक फुटनोट जोड़ा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसका मतलब 'इच्छा से लिया गया' है।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देना ठीक नहीं






तनवीर जाफरी

**हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स रिपोर्टस को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किए जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गई परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।

परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाए वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिए इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाए गए मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यूट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी श्गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहां तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गई थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 पीओके में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है।

मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियां उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें, ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिए इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गए। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे


डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

### खीरे का इस्तेमाल...

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले खीरे के पतले-पतले स्लाइस काट लें।
- अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।



- फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
- सप्ताह में 2-3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

### बादाम तेल से मालिश करें

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
- फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
- अब हल्के हाथों से मसाज करें।
- सप्ताह में 2-3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया खुलासा

# पाकिस्तान ने तोड़ी चुप्पी, 11 सैनिकों की मौत स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया। एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि जवाब में पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुनयान उल मरसूस के माध्यम से प्रतिशोधी हमले किए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर मृतक नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## मोदी के भाषण को पाक ने भड़काऊ कहा

**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के आदमपुर एयरबेस पर दिए भाषण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तान के फारेन ऑफिस (एफओ) ने बयान जारी कर कहा कि मोदी की बातों में गलत जानकारी, राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। एफओ ने कहा कि मोदी की टिप्पणियां बताती हैं कि उन्होंने अपने हमलों को सही ठहराने के लिए झूठी कहानियां गढ़ी हैं। बयान में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान संघर्ष विराम के समझौते का पालन कर रहा है और तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि भारत के हमले ने पाकिस्तानी लोगों को एकजुट किया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने पहली बार माना कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं।

हालांकि, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ लड़ाई के जवाब में भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया। भारत की ओर से पेश किए गए सबूतों के आधार पर पड़ोसी का नापाक चेहरा दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## देश से किया वादा पूरा किया: पाक आर्मी चीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा कि भारतीय सेना को जवाब देने का देश से किया गया वादा उन्होंने पूरा किया है। मिनट मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर ने कहा- छोटी सेना अक्सर बड़ी सेना पर भारी पड़ती है। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं। हमारी सेना और पाकिस्तान के लोग किसी भी आक्रमण के खिलाफ स्टील की दीवार की तरह एकजुट होकर खड़े हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा, ष्भारत हमें डरा नहीं सकता, चाहे उसके पास कितने भी हथियार हों या वह कितनी भी बड़ी सेना होने का दावा करे।

उफ गर्मी



आगरा में ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर एक मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए पानी पिलाते हुए।

## पाकिस्तान जेलों से 330 अफगान कैदी रिहा किए

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने बताया कि ए बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी



के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डालर (करीब रु. 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डालर (करीब रु. 16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है।

## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज ने मंत्रिमंडल के साथ ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है। कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विद. ेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की अच्छी तरह और सही मायने में सेवा करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23



सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद तक कोई बदलाव नही हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं। अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को बेहतर बनाने के लिए असाधारण अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे। अल्बनीज़ के पिछले मंत्रालय में किए गए बदलावों में से एक मिशेल रोलैंड को अटॉर्नी-जनरल के रूप में नियुक्त करना है, जो मार्क ड्रेफस की जगह लेंगे, जिन्हें गुटीय वार्ता के कारण पूर्व विज्ञान और उद्योग मंत्री एड ह्यूसिक के साथ मंत्रालय से हटा दिया गया है। नए मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक नए सहायक मंत्री की भूमिका भी शामिल है, जिसे जूलियन हिल द्वारा भरा गया है।

## बांग्लादेश में गर्मी की आपातकालीन एडवाइजरी जारी

**ढाका।** बंगलादेश के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षात्मक उपाय करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कल यहां जारी एक परामर्श में विशेष रूप से बुजुर्गों, विकलांग लोगों, बाहर काम करने वालों, मोटापे से ग्रस्त लोगों और पुरानी बीमारियों विशेष रूप से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को गर्मी और धूप के संपर्क में आने से बचने की चेतावनी दी गई। इस परामर्श में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह अनावश्यक शारीरिक परिश्रम करने से बचने का आह्वान भी किया गया है। डीजीएचएस ने लोगों से अपने मूत्र के रंग पर नज़र रखने का भी आग्रह कर यह देखने को कहा कि कही उसका रंग गहरा पीला तो नही है।

## सुरक्षा प्रमुख की मौत की खबर के बीच लीबिया में झड़प

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच हिसक झड़पें हुईं। रिपोर्टों के अनुसार, ये झड़पें राष्ट्रपति परिषद से संबद्ध स्थिरता सहायता विभाग के प्रमुख अब्दुल-गनी अल-किकली उर्फ घ्घ्गनीवा की मौत की सूचना के बाद शुरू हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अल-किकली (घनीवा) की मौत त्रिपोली मिलिट्री ज़ोन से संबद्ध 444 ब्रिगेड के मुख्यालय में हुई। उनकी वहां मौजूदगी का कारण स्पष्ट नही है। इस घटना के साथ ही त्रिपोली के दक्षिणी इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबा. री की आवाज़ें सुनी गईं और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पिछले कुछ घंटों में त्रिपोली और उसके आसपास सैन्य गतिविधियों के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें ज़ाविया, ज़ुतिान और मिसराता शहरों से सशस्त्र गुटों को राजधानी की ओर बढ़ते देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के चिकित्सा आपातकालीन विभाग ने झड़पों के बाद पूर्ण अलर्ट की घोषणा की, जबकि गृह मंत्रालय ने त्रिपोली के निवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए घर पर रहने की सलाह दी। मितीगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं और उन्हें 250 किमी दूर मिसराता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया है। इसके साथ ही त्रिपोली के कुछ हिस्सों में स्कूल भी बंद कर दिए। संयुक्त राष्ट्र लीबिया सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने त्रिपोली में तनाव कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह त्रिपोली और पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और बढ़ते तनाव पर करीबी से नजर रखे हुए है। मिशन ने सभी पक्षों से उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और संवाद के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की है।



## ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कार्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक काफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

## यूक्रेन हमला, छह रूसियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया। इस हमले में बेलगोरोड क्षेत्र के उप-गवर्नर अलेक्जेंडर लोरेन्ट्स और एक रूसी नेशनल गार्ड अधिकारी घायल हुए। पांच-11 मई के बीच यूक्रेनी हमलों में 21 लोग मारे गए, जबकि 70 लोग घायल हुए। यूक्रेनी बलों ने 2,636 से अधिक गोले दागे, जिनमें रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी शेल्स, ग्रेनेड, माइन और ड्रोन शामिल थे। मिरोश्निक ने कहा कि अधिकतर हथियार जो यूक्रेनी सेना ने नागरिकों पर हमलों के लिए इस्तेमाल किए, वे पश्चिमी देशों ने बनाए हैं। विजय दिवस से पहले, राष्ट्रपति पुतिन ने स्थानीय समयानुसार आठ मई मध्यरात्रि से 11 मई मध्यरात्रि तक युद्धविराम की घोषणा की थी।

# गाजा में नाकाबंदी, 57 बच्चों की भूख से मौत

### विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे





**गाजा सिटी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नही बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने की अमे. रिकी योजना को अस्वीकार किए जाने के बाद 18 मार्च को, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए।

## अल जजीरा के संचालन पर हटा प्रतिबंध

**रामल्लाह।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब यह कतर आधारित मीडिया चैनल मंगलवार से फलस्तीनी क्षेत्रों में फिर से अपना संचालन शुरू कर सकेगा। यह घटना जनवरी में शुरू हुई जब फलस्तीनी प्राधिकरण ने अल जज़ीरा पर उकसावे और नागरिक शांति के लिए खतरे का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब वेस्ट बैंक में अल जज़ीरा के ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी ने पुष्टि की है कि स्थानीय नियमों और मीडिया प्रोटोकॉल के तहत उनकी टीम फिर से काम शुरू करेगी। फलस्तीनी प्रशासन ने अल जज़ीरा पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। अलजजीरा पर प्रतिबंध के फैसले की आलोचना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों और मानवा. धिकार संस्थाओं ने की थी, इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताया गया था। बहरहाल, प्रतिबंध हटाने की कोई आधिकारिक वजह नही दी गई, लेकिन माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय मीडिया के साथ तनाव कम करने की कोशिश है।

## संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ: अल थानी

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा है कि इजरायल और फलस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते को कई उल्लंघनों के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय संघर्ष विराम समझौता जनवरी 2025 में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के साथ पार्टियों द्वारा किया गया था। हालांकि, मार्च में संघर्ष विराम का पालन नहीं किया गया। अल थानी ने द वाशिंगटन पोस्ट अखबार को बताया, एक मध्यस्थ के रूप में मैं यथासंभव किसी पक्ष की आलोचना न करने की कोशिश करता हूं, लेकिन पहले समझौते में कई समस्याएं और उल्लंघन हुए थे, जिससे हम पक्षों के बीच विश्वास जीतने की अनुम. ति नहीं दे सके और सौदे के दूसरे चरण को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने पश्चिम एशिया के दौरे, जिसमें दोहा की यात्रा भी शामिल है के दौरान फलस्तीनी के पक्ष में बोलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं सुना, लेकिन यह अंतिम समाधान है। कतर शुरू से ही दो-राज्य समाधान में दृढ़ विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के साथ वार्ता के दौरान कई पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा हैं।

गौरतलब है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि गाजा पट्टी में समझौते और बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रखने के लिए 13 मई को कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा।